प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



विधानसभा चुनाव 2027-नए मुद्दों की खोज में अखिलेश यादव पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पंचायत सहायक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 154 | सोमवार 25 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## एस जयशंकर ने रूबियो के सामने रखा 5 सूत्रीय एजेंडा

### -कूटनीतिक संवाद और सुरक्षित समुद्री व्यापार को बताया अहम

(एजेंसी) नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत के पांच सूत्रीय दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन करती है, बिना बाधा के समुद्री व्यापार का पक्ष लेती है, और व्यापार और संसाधनों का "एक हथियार" के तौर पर इस्तेमाल करने का कड़ा विरोध करती है। हैदराबाद हाउस में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका विभिन्न क्षेत्रों में नियमित संपर्क और रणनीतिक समन्वय बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा, "यह सचिव (रूबियो) की पहली भारत यात्रा, लेकिन उनके पद संभालने के बाद से हम लगातार संपर्क में रहे हैं। इसमें वाशिंगटन डी. सी. और न्यूयॉर्क में मुलाकातें शामिल हैं, और अन्य कार्यक्रमों के दौरान भी बातचीत हुई है। हाल ही में फ्रांस में हुई बैठक भी इसमें शामिल है। यह निरंतर संवाद दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग में सहायक रहा है।" नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच राजनीतिक समझ को



रेखांकित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी कई क्षेत्रों में साझा हितों पर आधारित है। उन्होंने कहा, "भारत और अमेरिका के बीच राजनीतिक समझ एक रणनीतिक साझेदारी के तौर पर है, जो कई क्षेत्रों में राष्ट्रीय हितों के मेल से उत्पन्न होती है।" महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत का दृष्टिकोण बताते हुए जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली संवाद, अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन, आर्थिक मजबूती और भरोसेमंद साझेदारी को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "पहला, हम संघर्षों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं। दूसरा, हम सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार के पक्ष में हैं। तीसरा, हम अंतरराष्ट्रीय कानून के सख्त पालन की मांग करते हैं। चौथा, हम बाजार हिस्सेदारी और संसाधनों के हथियार की तरह इस्तेमाल करने के खिलाफ हैं। और पांचवां, हम वैश्विक अर्थव्यवस्था को जोखिमों से बचाने के लिए भरोसेमंद साझेदारी और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं में विश्वास रखते हैं।" जयशंकर ने बताया कि रूबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी, जिसमें विभिन्न वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि उनकी अपनी बैठक में पश्चिम एशिया, भारतीय उपमहाद्वीप और पूर्वी एशिया की घटनाओं पर चर्चा हुई, साथ ही कैरेबियाई क्षेत्र की उनकी हालिया यात्रा पर भी विचार–विमर्श हुआ। उन्होंने कहा, "रविवार दोपहर के भोजन के दौरान हमारी बातचीत खाड़ी क्षेत्र के नवीनतम घटनाक्रमों पर केंद्रित होगी। कुछ घटनाएं रातोंरात हुई हैं या हो रही हैं, और साथ ही यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा होगी। इंडो–पैसिफिक भी 26 मई को होने वाली क्वाड बैठक के एजेंडे में है।"विदेश मंत्री ने हाल ही में नवीनीकृत 10–वर्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी समझौते का उल्लेख किया। साथ ही पानी के नीचे डोमेन जागरूकता पर रोडमैप पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ते हुए "मेक इन इंडिया" दृष्टिकोण और हालिया संघर्षों से मिले सबक को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। आर्थिक सहयोग पर उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने पर चर्चा की, जो आगे चलकर व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में कदम होगा। ऊर्जा सुरक्षा और परमाणु सहयोग पर कहा कि दोनों देशों के बीच इन क्षेत्रों पर भी विस्तार से चर्चा हुई और ऊर्जा व्यापार में विविधता भारत की प्राथमिकता है। एस. जयशंकर के अनुसार, शांति अधिनियम के पारित होने से परमाणु सहयोग के नए अवसर खुले हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग की संभावनाएं बढ़ी हैं। उभरती तकनीक, महत्वपूर्ण खनिजों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर भी चर्चा हुई। आतंकवाद पर उन्होंने कहा कि भारत की नीति "शून्य सहिष्णुता" की है और दोनों देशों की एजेंसियां इस दिशा में मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने 26/11 मुंबई हमलों के एक प्रमुख साजिशकर्ता के प्रत्यर्पण का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सहयोग जारी रखेंगे।

## संबित पात्रा का कांग्रेस पर बड़ा आरोप, अराजकता के जरिए मोदी सरकार को गिराने की साजिश रच रहे हैं राहुल गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अराजकता के जरिए मोदी सरकार को गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। दरअसल राहुल गांधी ने कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में दावा किया कि अगले एक साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की की विदाई तय है और इसका



कारण बढ़ता आर्थिक असंतोष होगा। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। पात्रा ने राहुल गांधी के इस बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की अल्पसंख्यक सलाहकार बैठक में कहा कि अगले एक साल में मोदी सरकार गिर जाएगी। यह बयान साफ तौर पर दर्शाता है कि राहुल गांधी अराजकता के जरिए सरकार को गिराने की साजिश रच रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनकी इस साजिश को कभी कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को 140 करोड़ देशवासियों का अटूट विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त है। यह सरकार इसी तरह लोगों की सेवा करती रहेगी और राष्ट्रहित में काम करती रहेगी।

## आदि कैलाश यात्रा हुई आसान, अब अस्पताल से मिलेगा इनर लाइन परमिट

(एजेंसी) पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अब प्रक्रिया और भी आसान हो गई है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एक नई व्यवस्था शुरू की है। श्रद्धालु अब जिला अस्पताल से ही इनर लाइन परमिट प्राप्त कर सकेंगे। पहले परमिट बनवाने के लिए अलग–अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, जिससे समय और मेहनत दोनों लगते थे। नई सुविधा से यात्रा प्रक्रिया अधिक सरल और तेज होगी। प्रशासन का मानना है कि इससे श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिलेगा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। तीर्थयात्रा के इस मौसम में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवेदन प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशों पर पिथौरागढ़ जिला अस्पताल के कमरा नंबर 10 में इस नई सुविधा की शुरुआत की गई है। तीर्थयात्री अब अनिवार्य चिकित्सा जांच पूरी करने के तुरंत बाद इस निर्धारित कमरे से अपना इनर लाइन परमिट प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने रविवार को 1,645 इनर लाइन परमिट जारी किए। नए पंजीकरण के साथ, एक मई को तीर्थयात्रा के मौसम की शुरुआत से लेकर अब तक जारी किए गए इनर लाइन परमिट की कुल संख्या 18,561 हो गई है। तीर्थयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए, हमने पिथौरागढ़ से भी यह सुविधा शुरू कर दी है। कैलाश मानसरोवर यात्रा के पुनः आरंभ होने के बाद 1981 में आदि कैलाश यात्रा शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अक्टूबर 2023 में इस स्थल की यात्रा कर ने के बाद तीर्थयात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

## शबरिमला सोना चोरी मामले में सख्त केरल सरकार, मंत्री बोले- दोषी कोई भी हो, नहीं बख्शेंगे

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम। केरल के देवस्वोम मंत्री के. मुरलीधरन ने रविवार को कहा कि शबरिमला सोना चोरी मामले में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को,



चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, बख्शा नहीं जाएगा। मुरलीधरन ने कहा कि वह विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं और उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, ईश्वर से चोरी करने वाले किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। वे चाहे कोई भी हों और चाहे किसी भी दल से संबंधित हों, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अपराधी को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। राज्य के स्वास्थ्य विभाग की भी जिम्मेदारी संभाल रहे मुरलीधरन ने यहा संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि दुनिया के अन्य हिस्सों में इबोला के सामने आये मामले को लेकर चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि भारत में अभी तक कोई मामला सामने नहीं आया है, और विदेश से आने वाले लोगों में शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर कड़ी जांच प्रणाली स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि केरल के प्रमुख रेलवे स्टेशन में भी ऐसी व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश जारी किए गए हैं, क्योंकि विदेश से आए और अन्य राज्यों में उतरे कुछ लोग ट्रेन से दक्षिणी राज्य की यात्रा कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझिकोड और कन्नूर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पृथकवास वार्ड स्थापित किए गए हैं और विदेश से आने वालों से आग्रह किया है कि बुखार, खांसी या खून के साथ दस्त जैसे शुरुआती लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकों से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सरकार ने सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है ताकि वहां आने वाले लोगों की बेहतर देखभाल की जा सके। मुरलीधरन ने कहा कि तिरुवनंतपुरम में दूसरा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा, और अलाप्पुझा जिले के हरिपाद में एक नया मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा तथा पहले से मौजूद चिकित्सा महाविद्यालयों में और अधिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## वैचारिक दिवालियापन के दौर से गुजर रही कांग्रेस

### -ब्रजेश पाठक ने राहुल गांधी को दी आत्ममंथन की सलाह

(एजेंसी) मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है और अब वह वैचारिक दिवालियापन के दौर से गुजर रही है। राहुल गांधी और उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को अपनी गिरती राजनीतिक भाषा पर आत्ममंथन की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि जनता उनके कुत्सित विचारों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। दो दिवसीय दौरे पर रविवार को मुरादाबाद पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बुद्धि विहार स्थित व्हाइट हाउस में आयोजित भाजपा महानगर प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में शामिल होने के पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वो (राहुल गांधी) इस समय भारी हताशा के दौर से गुजर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी इस बात को अच्छी तरह समझते हैं कि जनता अब उनके किसी बहकावे में आने वाली नहीं है। कहा कि लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। उत्तर



प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं ने जनता के बीच अपना आधार मजबूत किया है और लगातार उनके प्रति जन विश्वास बढ़ा है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान कार्यक्रम में अपने संबोधन में वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को सरकार का मुख्य लक्ष्य बताते हुए कार्यकर्ताओं से इसे जन–आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिकता है और इसके लिए कार्यकर्ता साल के 365 दिन धरातल पर सक्रिय रह कर एकजुटता से कार्य कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने जोर दिया कि विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए इस अभियान से प्रत्येक नागरिक को जोड़ा जा रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था और विपक्ष के रुख पर कड़ा प्रहार करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर अडिग है और कानून अपना काम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कर रहा है ताकि प्रत्येक अपराधी को कठोरतम सजा मिल सके। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है और अब वह वैचारिक दिवालियापन के दौर से गुजर रही है। राहुल गांधी और उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को अपनी गिरती राजनीतिक भाषा पर आत्ममंथन की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि जनता उनके कुत्सित विचारों को कभी स्वीकार नहीं करेगी। वहीं, कानपुर की हालिया घटना पर सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए पाठक ने आश्वस्त किया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं और पीड़ित पक्ष को हर हाल में न्याय सुनिश्चित कराया जाएगा। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक महानगर में लगभग पांच घंटे रहेंगे। इस दौरान जिला अस्पताल, हनुमान वाटिका, संविधान पार्क का निरीक्षण करने के अलावा बुद्धि विहार स्थित व्हाइट हाउस में आयोजित भाजपा महानगर के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने तथा सरकार की चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। शाम पांच बजे वह अमरोहा के लिए रवाना हो जाएंगे। जहां जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में भाग लेने के बाद गजरौला जुबिलेंट इन्ग्रेविया कंपनी के गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।

## मां का कटा हाथ लेकर कल पुलिस कमिश्नर दफ्तर पहुंचा था आईटीबीपी जवान

### -डिप्टी सीएम ने दिए उच्च स्तरीय जांच के निर्देश

(एजेंसी) कानपुर। कानपुर के एक निजी अस्पताल की कथित लापरवाही के कारण आईटीबीपी जवान की मां का हाथ काटे जाने के मामले ने तूल पकड लिया है। पुलिस की निष्क्रियता और अस्पताल को क्लीन चिट मिलने से नाराज आईटीबीपी के 40 जवानों के साथ सिपाही कल पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचा था। इस भारी विरोध और मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सख्त रुख अपनाते हुए उच्च्य स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। सिपाही विकास सिंह अपनी मां का कटा हुआ हाथ थर्माकोल बॉक्स में लेकर कल सीधे पुलिस कमिश्नर दफ्तर पहुंचे थे। जब पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और स्वास्थ्य विभाग की शुरुआती जांच में अस्पताल को क्लीन चिट दे दी गई, तो आईटीबीपी के 40 जवान पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंच गए। हालांकि, आईटीबीपी अधिकारियों और पुलिस कमिश्नर ने घेराव की बात को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जवान घेराव करने नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण



तरीके से अपनी बात रखने गए थे। इसके बाद कमिश्नर ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए नई संयुक्त जांच समिति बनाने की जानकारी दी है। घटना के तूल पकडने पर लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि शासन ने पूरे घटनाक्रम और जवानों के विरोध का संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण को बेहद गंभीरता से लेते हुए उच्च्य स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक और संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को पूरी रिपोर्ट जल्द पेश करने को कहा गया है। पाठक ने आश्वासन दिया कि सरकार पीडित परिवार के साथ पूरी तरह से खडी है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। महाराजपुर में तैनात आईटीबीपी की 32वीं बटालियन के सिपाही विकास सिंह का आरोप है कि उनकी 56 वर्षीय मां निर्मला देवी को 13 मई को टाटमिल स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दावा है कि वहां गलत इंजेक्शन लगाने से दाहिने हाथ में संक्रमण फैल गया। बाद में पारस अस्पताल में जान बचाने के लिए 17 मई को उनका हाथ काटना पडा। पीडित परिवार कई दिनों तक थाने के चक्कर काटता रहा, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी।

## एफपीआई ने मई में ही निकाले 25,472 करोड़, साल 2026 में अब तक 2.14 लाख करोड़ की भारी निकासी

(एजेंसी) मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से 25,472 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। शुद्ध निकासी एफपीआई द्वारा बाजार में लगायी गयी पूंजी और बाजार से निकाली गयी पूंजी का अंतर है। एफपीआई का इक्विटी में निवेश मई में 30,374 करोड़ रुपये कम हो गया। म्यूचुअल फंड में भी उनके निवेश में कमी आयी है जबकि डेट और हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने पैसे लगाये हैं। म्यूचुअल फंड में एफपीआई का निवेश शुद्ध रूप से 702 करोड़ डॉलर घट गया। वहीं, डेट में उनका निवेश 4,563 करोड़ रुपये बढ़ा है। हाइब्रिड में उन्होंने 1,036 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। यह लगातार तीसरा महीना है जब एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं।इससे पहले अप्रैल में उन्होंने 70,786 करोड़ रुपये और मार्च में रिकॉर्ड 1,26,991 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। फरवरी में उन्होंने बाजार में निवेश बढ़ाया था जबकि जनवरी में भी वे बिकवाल रहे थे। इस साल अब तक एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 2,14,473 करोड़ रुपये निकाले हैं। इक्विटी में उनका बिकवाल बने रहना इसका सबसे बड़ा कारण है। इस कैलेंडर वर्ष में अब तक एफपीआई इक्विटी से 2,22,343 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर चुके हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेडे के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि एफपीआई इस साल अबतक 2,22,343 करोड़ रुपये इक्विटी से निकाल चुके हैं जो साल 2025 में पूरे साल की 1,66,283 करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। देश में निवेश पर कम रिटर्न मिलने और दूसरे देशों में ज्यादा रिटर्न की संभावना के कारण वे निकासी कर रहे हैं। साथ ही अमेरिका में बॉन्ड पर अच्छा रिटर्न मिल रहा है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार गिरावट और आने वाले समय में इसके और टूटने के डर से भी वे भारतीय बाजार से पैसे निकाल रहे हैं। खास बात यह है कि एफपीआई जहां बड़ी कंपनियों से पैसा निकाल रहे हैं, वहीं वे छोटी और मझौली कंपनियों में पैसा लगा रहे हैं।

# सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री के ख़िलाफ़ आपत्तिजनक टिप्पणी बहुत ही शर्मनाक बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राजनीतिक व वैचारिक मतभेद हो, इससे किसी को इंकार नहीं हैं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक टिप्पणी और शर्मनाक बयान दिए जाए, इससे कोई सहतम नहीं हो सकता है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं अब यह बात अलग है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी से लेकर पार्टी के अन्य दूसरे नेता लगातार



नफीस जाफरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगातार आपत्तिजनक टिप्पणी और शर्मनाक बयान देने का काम कर रहे हैं, इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भले ही कोई नुकसान या उनकी लोकप्रियता पर असर न हो रहा हो लेकिन कांग्रेस को कितना राजनीतिक रूप से नुकसान हो रहा है। कांग्रेस उस पर भी ध्यान नहीं दे रही है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश के महोबा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे सियासी हलचल बढ़ गई है। कि बताया जा रहा है कि अजय राय दुष्कर्म और अपहरण की पीड़िता छात्रा से मिलने महोबा पहुंचे थे। इसी दौरान समर्थकों से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी और अभद्र भाषा (गाली) का इस्तेमाल किया। वीडियो सामने आने के बाद उनके बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है और राजनीतिक माहौल गरमा गया है। अजय राय के विवादित बयान पर भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि कुछ दिन पहले जब यूपीपीसीसी चीफ अजय राय अस्वस्थ थे, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सार्वजनिक रूप से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की थी। लेकिन आज वही अजय राय प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते कैमरे में कैद हुए। यही कांग्रेस की राजनीति का स्तर है – शिष्टाचार का जवाब अभद्रता से। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अजय राय की विवादित टिप्पणी पर अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यूपी कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा की गई यह अभद्र, असंसदीय और अक्षम्य टिप्पणी कांग्रेस की राजनीतिक संस्ःति को उजागर करती है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी कांग्रेस के 'युवराज' ऐसे कुसंस्कार दिखा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने आगे कहा कि कांग्रेस अब हताशा, निराशा और कुंठा के चरम पर पहुंच चुकी है और उसकी हालत ऐसी हो गई है कि वह देशवासियों से माफी मांगने की स्थिति में भी नहीं रह गई है। इसके अलावा भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पोस्ट में कहा, राहुल गांधी के गद्दार वाले अपशब्द के बाद अब कांग्रेस ने फिर हद पार कर दी है। अजय राय ने प्रधानमंत्री के लिए सबसे अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल किया। वे उनसे इसलिए नफरत करते हैं क्योंकि वे चायवाले परिवार से हैं। राहुल की कांग्रेस ने 150 से ज्यादा अपशब्दों का इस्तेमाल किया। ये गालीवाली कांग्रेस है, गांधीवादी नहीं। यह गालियों की दुकान है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमर्यादित भाषा की 'बीमारी' अब पूरी कांग्रेस में नीचे तक फैल चुकी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी यशस्वी प्रधानमंत्री के प्रति अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। लगातार चुनावी हार ने कांग्रेस को राजनीतिक और मानसिक, दोनों रूप से दिवालिया कर दिया है। दरअसल, कांग्रेस के पास न जनाधार बचा है, न मुद्दे और न ही जनता का विश्वास. इसलिए, वे अब 'अपशब्दोंश और 'विषवमन' को ही राजनीति समझ बैठे हैं। सच यह है कि माननीय प्रधानमंत्री जी पर कांग्रेस नेताओं का कहा हर अपशब्द उसकी लगातार होती राजनीतिक पराजयों की पीड़ा और सत्ता से दूर होने की छटपटाहट का सबूत है। देश की जनता ऐसे अहंकारी और संस्कारविहीन नेताओं को लोकतांत्रिक तरीक़े से करारा जवाब देगी।

## जीरो एफआईआर के आधार पर सुशान्त गोल्फ सिटी में मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित

संवाददाता लखनऊ। राजधानी लखनऊ के थाना सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र से जुड़े एक महिला उत्पीड़न प्रकरण में जीरो एफआईआर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। मामले में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है, जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के संकलन के साथ आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।पुलिस के अनुसार, 22 मई 2026 को आनंद विहार जीआरपी, नई दिल्ली से महिला अपराध एवं सुरक्षा कार्यालय को जीरो एफआईआर संख्या 85/2026 प्राप्त हुई थी। प्राप्त प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70(1), 123, 127(3) और 351(2) के अंतर्गत आरोप दर्ज किए गए थे। शिकायत में पीड़िता ने जनपद जौनपुर निवासी शिवम यादव, सनी यादव तथा शिवम के एक अन्य अज्ञात साथी पर गंभीर आरोप लगाए थे।प्रकरण की जांच और उपलब्ध तथ्यों के परीक्षण के दौरान घटना स्थल थाना सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र में पाया गया। इसके बाद मामले को स्थानीय क्षेत्राधिकार में लेते हुए थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में मुकदमा अपराध संख्या 328/2026 के तहत संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ कर दी गई है।प्रारंभिक जांच में पुलिस के सामने यह तथ्य आया है कि पीड़िता और मुख्य आरोपी एक–दूसरे को लगभग चार से पांच वर्षों से जानते थे तथा दूर के रिश्तेदार भी बताए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि इस तथ्य को जांच का हिस्सा मानते हुए सभी पहलुओं की निष्पक्ष और गहन पड़ताल की जा रही है तथा किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा।आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने चार अलग–अलग टीमों का गठन किया है। ये टीमें संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही हैं और तकनीकी एवं स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रकरण में साक्ष्य एकत्र करने, बयान दर्ज करने और अन्य अग्रिम विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले की जांच संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ की जा रही है तथा उपलब्ध साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विधानसभा चुनाव 2027-नए मुद्दों की खोज में अखिलेश यादव



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव यू ंतो अगले साल 2027 में प्रस्तावित हैं। लेकिन इस भीषण गर्मी में उत्तर प्रदेश की राजनीति में अभी से ही चुनावी रंगत को देखा और सुना जा सकता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जहां बयान बाजाी तेज है तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी भाषण शैली से जहां अभी से ही चुनावी माहौल जैसी गरमी पैदा कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने पीडीए को नई धार देने की कोशिश कर रहे हैं। विदित हो कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीते दिनों लखनऊ में सूबे के एक प्रतिष्ठित अखबार के कार्यक्रम में शामिल हुए। उसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज नहीं होने दी जाती। उन्होंने कहा कि सड़कें आवागमन के लिए होती हैं और किसी को भी चौराहों या सड़कों को रोककर सार्वजनिक जीवन बाधित करने का अधिकार नहीं है। इसके अगले दिन समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव उसी कार्यक्रम में पहुंचे। वहां उनसे सड़क पर नमाज को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने बहुत ही चतुराई से कहा कि वो चाहते हैं कि हम दूसरी तरफ उलझ जाएं, लेकिन हम लोगों ने भी भाजपा से ही सीखा है हम इनकी बातों में नहीं उलझेंग। हम पहले पूछेंगे कि नीट का क्या हुआ,यह बताओ कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण की जो लूट हुई है, उसका क्या है। अखिलेश यादव का यह बयान अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के मुद्दे स्पष्ट कर रहा था, जो इंडिया गठबंधन उठाने जा रहे हैं। यह इस बात का संकते है कि इंडिया गठबंधन विधानसभा चुनाव में भी लोकसभा चुनाव की तरह संविधान और आरक्षण को मुद्दा बनाने जा रहा है। वह इस मुद्दे पर लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से उत्साहित है। तो वहीं दूसरी ओर सपा प्रमुख नेएक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पुस्तिका जारी की। उनका दावा था किश्च्व। ऑडिट अंक–1 शीर्षक वाली इस पुस्तिका में भाजपा सरकार में हुई आरक्षण की लूट का ब्योरा दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने 22 भर्तियों में 11514 से ज्यादा आरक्षित पदों की लूट की है। उन्होंने कहा कि श्च्व।ऑडिट अंक–1 को सप्ताह भर में गांव–गांव पहुंचाया जाएगा। इससे अब यह साफ हो गया है कि विधानसभा चुनाव के मुद्दे क्या रहेंगे। एक तरफ भाजपा जहां एक बार फिर धार्मिक ध्रुवीकरण के सहारे चुनाव मैदान में जाने के बारे में सोच रही है, वहीं सपा का इरादा सामाजिक न्याय और समाजवाद के साथ चुनाव मैदान में उतरने का है। दरअसल 2024 में लोकसभा चुनाव के नतीजे उत्तर प्रदेश में चौकाने वाले रहे थे। भाजपा अपना पिछला प्रदर्शन दोहरा नहीं पाई थी। वह 2019 के 62 सीटों के मुकाबले 33 सीटों पर सिमट गई थी। उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा करिश्मा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन ने किया था। दोनों ने प्रदेश की 80 में से 43 सीटें जीत ली थीं। इसे कमंडल पर मंडल की जीत माना गया था। अखिलेश यादव ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पीडीए का फार्मूला ईजाद किया। पीडीए मतलब– पिछड़ा–दलित– अल्पसंख्यक. पिछड़ों के बड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों में सपा की पैठ पहले से थी। लेकिन दलित सपा के साथ नहीं थे। पीडीए को मजबूत करने के लिए अखिलेश यादव ने पार्टी और संगठन में इस फार्मूले के आधार पर पद दिए। इसी के तहत श्यामलाल पाल को सपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया



था। टिकट बंटवारे की बात आई तो उन्होंने इसका ख्याल रखा। सपा पर यादवों की पार्टी होने का ठप्पा लगता था, इसे मिटाने के लिए उन्होंने केवल पांच यादवों को ही टिकट दिए। ये सभी उनके परिवार के थे। सपा ने 2019 में 10 और 2014 में 12 यादवों को टिकट दिए थे। इसके उलट सपा ने कुर्मी जाति को 10 और कुशवाह–मौर्य–शाक्य– सैनी को छह टिकट दिए थे। ये जातियां कभी भाजपा की करीबी थीं। सपा की ये सारी तरकीबें काम कर गईं। उसके 10 में से आठ कुर्मी उम्मीदवार और छह में से तीन कुशवाह–मौर्य–शाक्य–सैनी जीतने में कामयाब रहे। इसी तरह से भाजपा के पास निषाद वोटों में भी सपा ने सेंधमारी कर दी। सपा ने तीन निषाद उम्मीदवार उतारे थे। इनमें से दो जीत गए। उसे गोरखपुर में हार मिली। लेकिन सपा ने वहां भाजपा की जीत का मार्जिन पौने चार लाख से घटाकर एक लाख कर दिया। गोरखपुर वह सीट है, जहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पांच बार सांसद रहे। दलित वोटों पर पकड़ को मजबूत करने के लिए सपा ने दो सामान्य सीटों पर भी दलित उम्मीवार उतार दिए. ये सीटें थीं अयोध्या और मेरठ. अयोध्या से सपा जीत भी गई। इसे लोकसभा चुनाव की सबसे बड़ी जीत माना गया था। वहीं भाजपा ने अखिलेश की इस रणनीति के उलट प्रदेश में करीब सवा दो करोड़ की आबादी वाली जाटव और चमार को केवल दो टिकट दिए। उसने बाकी के टिकट एससी की छोटी जातियों को दिए। लेकिन परिणाम उसके पक्ष में उस तरह नहीं आया, जैसे पहले आता था। भाजपा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 17 में से केवल आठ सीटें ही जीत पाई। वहीं सपा सात सीट, कांग्रेस एक सीट और आजाद समाज पार्टी एक सीट जीतने में कामयाब रही। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने संविधान बचाने और आरक्षण बचाने को मुद्दा बनाया था। विपक्ष इस मुद्दे पर टिका रहा. इंडिया गठबंधन ने जाति जनगणना का वादा किया था। इस मुद्दे ने जमीन पर काम किया. इसका परिणाम नतीजों में नजर आया. 2024 का लोकसभा चुनाव ऐसा पहला चुनाव था, जब अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव उनके साथ नहीं थे। उनका 2022 में निधन हो गया था। चुनाव नतीजों से लगा कि अखिलेश यादव मंडल की राजनीति की ओर लौट रहे हैं जिस पर एक समय उनके पिता मुलायम सिंह यादव चला करते थे। आज जब उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव नजदीक आ रहे हैं तब अखिलेश यादव अपने पीडीए फार्मूले को मजूबत करते हुए दिख रहे हैं। यह वजह है कि वो आरक्षण, आरक्षण में धांधली और जाति जनगणना को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी कोशिश भाजपा के नैरेटिव में न फंसते हुए अपने मुद्दों पर टिके रहने की है। जिससे लोकसभा चुनाव की ही तरह विधानसभा चुनाव में भी फायदा हो सके।

# देश में एक बार फिर 'वंदे मातरम' राजनीतिक और वैचारिक बहस के केंद्र में



फरीद वारसी

पश्चिम बंगाल में स्कूलों को लेकर सरकार के एक नए फैसले ने सियासी और धार्मिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। राज्य सरकार की ओर से सभी स्कूलों और मदरसों में क्लास शुरू होने से पहले वंदे मातरम गाना अनिवार्य करने के बाद अब इस पर मुस्लिम धर्मगुरुओं और संगठनों की तीखी प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई है। लखनऊ के प्रसिद्ध इस्लामिक संस्थान दारुल उलूम फिरंगी महल के प्रवक्ता मौलाना सुफियान निजामी ने इस फैसले पर बड़ा बयान देते हुए इसे गैर मजहबी और संविधान विरोधी करार दिया है। मौलाना सुफियान निजामी ने पश्चिम बंगाल सरकार के इस कदम की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि स्कूलों और मदरसों में वंदे मातरम को जबरन लागू करना पूरी तरह से गैर मजहबी आदेश है। मौलाना निजामी के मुताबिक, हमारा संविधान हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने और उसकी मान्यताओं को बनाए रखने की पूरी आज़ादी देता है। किसी भी धार्मिक संस्थान या छात्र पर ऐसा फैसला थोपना सीधे तौर पर देश के संविधान और उसकी मूल भावना के खिलाफ है। बहरहाल, कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि देश में एक बार फिर 'वंदे मातरम' राजनीतिक और वैचारिक बहस के केंद्र में आ गया है। केंद्र सरकार की गाइडलाइन, पश्चिम बंगाल में मदरसों और सरकारी स्कूलों में इसे अनिवार्य किए जाने का फैसला, और इसके बाद मुस्लिम संगठनों तथा विपक्षी दलों की प्रतिक्रियाओं ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय बहस बना दिया है। एक तरफ केंद्र और भाजपा शासित सरकारें इसे राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय एकता और भारतीय सांस्ःतिक पहचान से जोड़कर देख रही हैं, तो दूसरी ओर कुछ मुस्लिम संगठन और विपक्षी नेता इसे धार्मिक स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों से जोड़ रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 'वंदे मातरम' के गायन को लेकर विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनका मकसद सरकारी कार्यक्रमों और सार्वजनिक आयोजनों में राष्ट्रगीत की औपचारिक भूमिका को स्पष्ट करना बताया गया है। इस गाइडलाइन के मुताबिक– प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों में वंदे मातरम् का गायन या वादन किया जाएगा। इसका आधिकारिक पूर्ण संस्करण गाया जाएगा, जिसमें छह पद शामिल हैं। सभी छह पदों को गाने की अवधि करीब 3 मिनट 10 सेकंड होगी। अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम्श और 'जन गण मन' दोनों होने हैं, तो पहले राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और उसके बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से सावधान मुद्रा में खड़े रहने की अपेक्षा की गई है। स्कूलों और कॉलेजों को सुबह की प्रार्थना सभा में 'वंदे मातरम' को बढ़ावा देने की सलाह दी गई है। बैंड प्रस्तुति के दौरान बिगुल या ढोल की थाप से इसकी शुरुआत का संकेत देने की अनुशंसा की गई है। वहीं, सिनेमा हॉल में फिल्म के हिस्से के रूप में बजने पर लोगों के लिए खड़ा होना अनिवार्य नहीं होगा। केंद्र सरकार राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम 1971 में संशोधन पर भी विचार कर रही है ताकि राष्ट्रगीत के सम्मान को लेकर स्पष्ट कानूनी ढांचा तैयार किया जा सके। जहां तक पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार का सवाल है तो पश्चिम बंगाल में बीते दिन शुभेंदु सरकार ने राज्य के सभी मदरसों में प्रार्थना सभा के दौरान 'वंदे मातरम' का गायन तत्काल प्रभाव से अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश सरकारी मॉडल मदरसों, सहायता प्राप्त मदरसों, गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त मदरसों, शिशु शिक्षा केंद्रों, माध्यमिक शिक्षा केंद्रों, सभी पर लागू होगा। मदरसा शिक्षा निदेशालय की अधिसूचना में साफ कहा गया कि कक्षाओं की शुरुआत से पहले राष्ट्रगीत का गायन अनिवार्य होगा। पश्चिम बंगाल के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा मंत्री खुदीराम टुडू ने कहा कि जब संताली भाषा वाले सरकारी स्कूलों में यह अनिवार्य है तो मदरसों में क्यों नहीं हो सकता। इससे पहले राज्य सरकार ने सभी सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में भी 'वंदे मातरम' अनिवार्य किया था। बंगाल में यह फैसला







इतना बड़ा राजनीतिक मुद्दा क्यों बन गया? अगर इसकी बात की जाए तो इस फैसले का समय बेहद अहम माना जा रहा है। क्योंकि हाल के महीनों में बंगाल की राजनीति में कई बड़े बदलाव हुए हैं। नई सरकार ने अपने गठन के बाद राज्य में मुस्लिम समुदाय से जुड़े कई ओबीसी आरक्षण प्रावधानों को समाप्त या पुनर्समीक्षा करने की प्रक्रिया शुरू की थी। इस फैसले ने पहले ही राजनीतिक माहौल गरमा दिया था। अब मदरसों में 'वंदे मातरम' अनिवार्य किए जाने को विपक्ष और मुस्लिम संगठन उसी राजनीतिक दिशा का हिस्सा बता रहे हैं। वहीं यह किसी से छिपा नहीं है कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी लंबे समय से बंगाल में हिंदुत्व और राष्ट्रवादी राजनीति के सबसे मुखर चेहरों में रहे हैं। हाल के वर्षों में उन्होंने मदरसों की मॉनिटरिंग की मांग की थी। ओबीसी आरक्षण की समीक्षा की बात भी कही थी। साथ ही सरकारी संस्थानों में राष्ट्रवादी प्रतीकों को बढ़ावा देने की पैरवी की थी, तो अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर वो मुखर रहे हैं। उन्होंने एनआरसी और नागरिकता जैसे मुद्दों पर लगातार आक्रामक रुख रखा है. तो जब वंदे मातरम को मदरसों में अनिवार्य करने वाली अधिसूचना राज्य शिक्षा विभाग ने जारी की तो शुभेंदु ने उसे सोशल मीडिया पर साझा करते हुए राष्ट्रहित से जुड़ा कदम बताया। किन भाजपा शासित राज्यों में ऐसे आदेश लागू हैं? अगर इसकी बात की जाए तो देश के कई भाजपा शासित राज्यों में पहले से ही शैक्षणिक संस्थानों में 'वंदे मातरम को लेकर विशेष आदेश या परंपराएं लागू हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात के सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान को बढ़ावा देने के निर्देश पहले से लागू हैं। कई सरकारी संस्थानों और नगर निकायों में विशेष दिनों पर इसका सामूहिक गायन होता है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड ने कक्षाओं के शुरू होने से पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान जन गण मन गाना पहले ही अनिवार्य कर दिया है। लेकिन यूपी के मदरसों में राष्ट्र गीत को फिलहाल अनिवार्य नहीं किया गया है। असम का अपना स्टेट ऐंथम ओ मुर आपुनार देख है पर सरकारी कॉलेजों और संस्थानों में राष्ट्रगीत को लेकर निर्देश दिए गए थे और इसे बड़े आयोजनों में गाया जाता है। यानी मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सरकार के आदेशों के बाद बंगाल अब वंदे मातरम को अपनाने वाले सबसे सख्त राज्यों में शामिल हो गया है। 'वंदे मातरम' पर विवाद आखिर क्यों होता है? इसकी अगर चर्चा की जाए तो इस विवाद की जड़ गीत के कुछ हिस्सों में है। 'वंदे मातरम' की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय (चटर्जी) ने की थी। यह उनके उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा भी है। गीत की शुरुआती दो छंदों में मातृभूमि की प्रशंसा से की गई है। इन्हें व्यापक स्वी.ति मिली हुई है। लेकिन बाद के हिस्सों में दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती जैसी देवी स्वरूपों का उल्लेख आता है। विरोध शुरुआती दो पदों के बाद के चार पदों को लेकर है। मुस्लिम संगठनों की आपत्ति का जहां तक सवाल है तो वंदे मातरम को लेकर कुछ मुस्लिम संगठन कहते हैं कि यह उनके एकेश्वरवादी धार्मिक विश्वासों से टकराता है। जमीयत उलेमा–ए–हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी ने वंदे मातरम को सरकारी कार्यक्रमों में अनिवार्य करने के फैसले का विरोध करते हुए इसे पक्षपाती, जबरदस्ती थोपा गया फैसला और धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वंदे मातरम को राष्ट्रीय गीत के रूप में सभी सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों, कॉलेजों और आयोजनों में इसकी समस्त पंक्तियों को अनिवार्य करना केंद्र सरकार का न सिर्फ एक पक्षपाती और जबरदस्ती थोपा गया फैसला है, बल्कि यह संविधान में दी गई धार्मिक स्वतंत्रता पर खुला हमला और अल्पसंख्यकों के अधिकार छीनने का निंदनीय प्रयास है। उन्होंने लिखा, मुसलमान किसी को वंदे मातरम पढ़ने या उसकी धुन बजाने से नहीं रोकते, मगर क्योंकि उसकी कुछ पंक्तियां बहुदेववादी आस्था पर आधारित हैं और मातृभूमि को ईश्वर के रूप में प्रस्तुत करती हैं जो एकेश्वरवादी धर्म की आस्था से टकराती हैं, इसलिए मुसलमान, जो सिर्फ एक अल्लाह की वंदना करता है, उसको इसे पढ़ने पर विवश करना संविधान की धारा 25 और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का खुला उल्लंघन है। इसी तरह मौलाना मोहम्मद मसूद इमरान राशिद ने कहा कि भारत एक सेक्युलर देश है और हर समुदाय को अपने धार्मिक विश्वासों के अनुसार चलने का अधिकार है। उनका कहना था कि, राष्ट्रगान से मुस्लिम समुदाय को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन 'वंदे मातरम के कुछ हिस्से धार्मिक .ष्टि से स्वीकार्य नहीं हैं। इसलिए इसे अनिवार्य बनाना उचित नहीं है। बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने पश्चिम बंगाल के मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य करने पर कहा कि हमारे रग–रग में राष्ट्रवाद है. इस देश के सभी लोग राष्ट्रवादी हैं। इसलिए राष्ट्रवाद के नियम के अनुसार सबको चलना है। वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने पश्चिम बंगाल सरकार के मदरसों में वंदे मातरम अनिवार्य किए जाने पर संतुलित प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मामला सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान में है। सर्वोच्च न्यायालय जो भी फैसला देगा, उसे सभी को स्वीकार करना होगा। कांग्रेस नेता हुसैन दलवाई ने कहा, किसी को भी वंदे मातरम के शुरुआती दो पदों को लेकर कोई विरोध नहीं है। उसमें देश की तारीफ की गई है। लेकिन ये कहा जाएगा कि पूरा वंदे मातरम बोलो तो वो कैसे बोलेंगे। आगे के गीत में हिंदू देवी, देवताओं का जिक्र आता है जो इसका भाग ही नहीं है। कई मुस्लिम संगठनों ने कहा है कि अगर बंगाल सरकार ने यह आदेश वापस नहीं लिया तो वे राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करेंगे। गौरतलब है कि भारत में 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगीत का दर्जा प्राप्त है, जबकि 'जन गण मन' राष्ट्रगान है। अब तक इसे अनिवार्य बनाने वाला कोई स्पष्ट राष्ट्रीय कानून नहीं है, पर अब केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन करते हुए शामिल करने की मंजूरी दे दी है। यह अधिनियम देश के राष्ट्रीय प्रतीकों– राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान, संविधान और भारत के मानचित्र के अनादर को प्रतिबंधित करता है। वंदे मातरम के इसमें शामिल होने से अब अगर कोई जानबूझकर इसके गायन में बाधा डालता है तो उसे 3 साल तक की कैद या भारी जुर्माना (या दोनों) भुगतना करना होगा। गृह मंत्रालय के नए निर्देशों के बाद सरकारी कार्यक्रमों में इसके सभी छह अंतरों का गायन अनिवार्य होगा। अब वंदे मातरम को कानूनी रूप से वही सुरक्षा और सम्मान प्राप्त होगा जो 'जन गण मन' को मिलता है। इसका अपमान करना अब दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

# 'बैलिस्टिक मिसाइल' से अमेरिका के हाथ हुए ख़ाली



शबाब हुसैन

अमेरिका और ईरान के बीच हालात इतने तनावपूर्ण हैं कि दुनिया को कभी भी फिर से युद्ध शुरू होने का डर लगता है, तो कभी अचानक शांति की उम्मीद दिखाई देने लगती है। अब खबर आई है कि दोनों देश पर्दे के पीछे समझौते की कोशिश कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि इजरायल की रक्षा करते–करते अमेरिका का बड़ा मिसाइल स्टॉक भी खाली हो चुका है। यह बात ऐसे में सवाल उठ रहा है– क्या अमेरिका अब युद्ध खत्म करना चाहता है? और क्या ईरान भी किसी बड़े समझौते की तैयारी में है? वहीं अगर अमेरिका की बात करें तो ईरान से लड़ाई में इजरायल का बचाव करते–करते अब अमेरिका खुद परेशानी में फंसता दिख रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि दुनिया की सबसे ताकतवर सेना के मिसाइल भंडार पर सवाल उठने लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल को बचाने के लिए अमेरिका ने इतनी ज्यादा इंटरसेप्टर मिसाइलें दाग दीं कि उसके अपना स्टॉक आधा रह गया है। अब जापान और दक्षिण कोरिया जैसे अमेरिकी सहयोगी भी चिंता में हैं। डर इस बात का है कि अगर अचानक चीन, नॉर्थ कोरिया या फिर ईरान के साथ नया तनाव बढ़ा, तो क्या अमेरिका के पास खुद को और अपने दोस्तों को बचाने के लिए पर्याप्त मिसाइलें बची हैं? अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में ईरान के साथ हुए संघर्ष के दौरान इजरायल की हवाई सुरक्षा का बड़ा हिस्सा संभालने की वजह से अमेरिका के एडवांस मिसाइल डिफेंस इंटरसेप्टर का बड़ा स्टॉक खत्म हो गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि इस असंतुलन ने चिंता बढ़ा दी है कि क्या अमेरिका दुनिया भर में अपनी सुरक्षा जिम्मेदारियों को निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने इजरायल की रक्षा के लिए 200 से ज्यादा टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस यानी इंटरसेप्टर मिसाइलें दागीं। इसके अलावा पूर्वी भूमध्य सागर में मौजूद अपने नौसैनिक जहाजों से 100 से ज्यादा स्टैंडर्ड मिसाइल–3 और स्टैंडर्ड मिसाइल–6 इंटरसेप्टर भी लॉन्च किए गए। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि इससे अमेरिका के मिसाइल भंडार का लगभग आधा हिस्सा खत्म हो गया है। वहीं दूसरी तरफ, इजरायल ने 100 से कम एरो इंटरसेप्टर और करीब 90 डेविड्स स्लिंग इंटरसेप्टर इस्तेमाल किए। इनमें से कुछ का इस्तेमाल यमन और लेबनान में ईरान समर्थित समूहों द्वारा दागे गए कम ताकत वाले प्रोजेक्टाइल को रोकने



के लिए किया गया। सैन्य विश्लेषकों ने द वॉशिंगटन पोस्ट से कहा कि ये आंकड़े अमेरिका और इजरायल की रक्षा साझेदारी की असली तस्वीर दिखाते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसरा स्टिमसन सेंटर की सीनियर फेलो केली ग्रीको ने कहा कि ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। अमेरिका ने मिसाइल रक्षा का ज्यादातर बोझ उठाया, जबकि इजरायल ने अपने स्टॉक को बचाकर रखा। भले ही रणनीति सही रही हो, लेकिन अब अमेरिका के पास सिर्फ करीब 200 इंटरसेप्टर बचे हैं और उनकी उत्पादन क्षमता मांग के मुकाबले बहुत धीमी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जापान और साउथ कोरिया जैसे अमेरिकी सहयोगी भी इस कमी को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि दोनों देश चीन और नॉर्थ कोरिया से खतरे को रोकने के लिए अमेरिकी सुरक्षा पर निर्भर हैं। एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने द वॉशिंगटन पोस्ट से कहा, "कुल मिलाकर अमेरिका ने लगभग 120 ज्यादा इंटरसेप्टर दागे और ईरानी मिसाइलों से दोगुना ज्यादा मुकाबला किया। " अधिकारी ने इशारा किया कि अमेरिका– इजरायल पार्टनरशिप को लेकर जो चमक–दमक दिखाई जाती है, असल सैन्य बोझ उससे काफी अलग था। अखबार ने यह भी बताया कि इजरायल की सेना अपनी कुछ मिसाइल रक्षा बैटरियों को रखरखाव के लिए अस्थायी रूप से बंद करने वाली है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर से शुरू करने का फैसला लेते हैं, तो अमेरिकी इंटरसेप्टर स्टॉक पर दबाव और बढ़ सकता है। एक बयान में अमेरिका के रक्षा विभाग (पेंटागन) ने इजरायल और अमेरिका के बीच इस्तेमाल किए गए हथियारों के संतुलन का बचाव किया। पेंटागन के मुख्य प्रवक्ता सीन पार्नेल ने द पोस्ट से कहा, "बैलिस्टिक मिसाइल इंटरसेप्टर सिर्फ उस बड़े नेटवर्क का एक हिस्सा हैं, जिसमें कई तरह के सिस्टम और क्षमताएं शामिल हैं। यही मिलकर कई स्तर वाली और एकी.त हवाई रक्षा व्यवस्था बनाते हैं। " पार्नेल ने कहा, "ऑपरेशन एपिक यूरी के दौरान इजरायल और अमेरिका दोनों ने बराबरी से रक्षा का बोझ उठाया। इस अभियान में दोनों देशों ने लड़ाकू विमान, एंटी ड्रोन सिस्टम और कई दूसरी एडवांस एयर और मिसाइल डिफेंस तकनीकों का बेहद प्रभावी तरीके से इस्तेमाल किया।"

# जिले में 25 मई से मिलेगा मुत राशन, ई-केवाईसी जरूरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अंतर्गत जून माह के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 25 मई से 10 जून तक किया जाएगा। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव तिवारी ने दी।



उन्होंने बताया कि अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं और 21 किलोग्राम चावल (कुल 35 किग्रा) तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं और 3 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल (कुल 5 किग्रा) निःशुल्क वितरित किया जाएगा। खाद्यान्न वितरण ई–वेइंग लिंक्ड ई–पॉस मशीनों के माध्यम से किया जाएगा। लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे वे किसी भी उचित दर दुकान से राशन प्राप्त कर सकेंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि 10 जून को जिन उपभोक्ताओं का आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाएगा, उन्हें मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन अथवा प्रॉक्सी माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को छोड़कर जिन लाभार्थियों की ई–केवाईसी अभी तक नहीं हुई है, उनका राशन अगले 3 माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। ई–केवाईसी पूर्ण होने के बाद आगामी वितरण में उनका नाम पुनः शामिल किया जाएगा। प्रशासन ने सभी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों से अपील की है कि निर्धारित अवधि में अपना राशन अवश्य प्राप्त करें और जल्द से जल्द ई–केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराएं।

# ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, सड़क पर फैली मछलियां

## - हादसे के बाद मछलिया उठाकर ले जाते दिखे राहगीर व आस-पास के लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सेवराई तहसील क्षेत्र में रविवार को एक तेज रतार ट्रक ने मछली से लदी पिकअप को टक्कर मार दिया। हादसा रेवतीपुर थाना क्षेत्र के नवली जलालपुर डेरा के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप सड़क किनारे पलट गई और उसमें लदी मछलियां सड़क पर बिखर गईं। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। राहगीर और आसपास के लोग सड़क पर गिरी मछलियां उठाकर ले जाते नजर आए। जानकारी के अनुसार, भदौरा बाजार निवासी संतोष गौड़ मछली खरीदकर पिकअप से वापस लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे तेज रतार ट्रक ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। हादसे में पिकअप पर सवार सात मछली व्यवसायी घायल हो गए। सूचना मिलते ही रेवतीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल भेजवाया। तेज रतार ट्रकों से लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसों पर नाराजगी जताई उनका कहना है कि बेलगाम रतार से चल रहे है। ट्रकों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है, लेकिन प्रभावी कारवाई नहीं की जा रही है। राजू दिवाकर ने बताया कि मामले को संज्ञान लेकर आवश्यक कानूनी कारवाई की जा रही है।



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बीबीएयू में एक माह का योगिक व्यक्तित्व विकास शिविर शुरू

संवाददाता लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के योग विभाग द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाईदृ2026) के उपलक्ष्य में 'द्वितीय योगिक व्यक्तित्व विकास शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। एक माह तक चलने वाला यह विशेष शिविर 22 मई से 21 जून 2026 तक विश्वविद्यालय परिसर में संचालित होगा। शिविर का उद्देश्य 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।विश्वविद्यालय परिसर में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में बच्चों को योगाभ्यास, ध्यान, प्राणायाम, भगवद्गीता मंत्रोच्चारण, कला एवं शिल्प गतिविधियों, मनोरंजक खेलों तथा जीवन कौशल एवं चरित्र निर्माण से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों का संतुलित विकास आवश्यक है।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे राष्ट्र के भविष्य की मजबूत नींव हैं और उनका शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के बीच बढ़ता तनाव, मोबाइल और स्क्रीन की लत, एकाग्रता में कमी, व्यवहारिक समस्याएं, अवसाद, चिंता, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक असंतुलन जैसी चुनौतियां तेजी से उभर रही हैं। ऐसे दौर में योग बच्चों के व्यक्तित्व विकास, मानसिक संतुलन और सकारात्मक जीवन मूल्यों के निर्माण का प्रभावी माध्यम बन सकता है।योग विभागाध्यक्ष डॉ. दिपेश्वर सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सकारात्मक सोच, मानसिक एकाग्रता और स्वस्थ जीवनशैली का विकास करना है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि भावनात्मक स्थिरता, आत्मनियंत्रण और मानसिक शांति विकसित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सहभागिता, टीमवर्क, सृजनात्मकता और नैतिक मूल्यों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही बच्चों को योगिक जीवनशैली और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराया जाएगा, ताकि उनमें सकारात्मक दृष्टिकोण और अनुशासित जीवनशैली विकसित हो सके। विश्वविद्यालय परिवार ने अभिभावकों और आमजन से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस विशेष योगिक व्यक्तित्व विकास शिविर में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, जिससे वे स्वस्थ, अनुशासित, आत्मविश्वासी और संस्कारित व्यक्तित्व का निर्माण कर सकें।

# महिला जनसुनवाई व जागरुकता शिविर आयोजित

## – समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न, जमीन संबंधी मामलों सहित विभिन्न समस्याओं को आयोग सदस्य एवं अधिकारियों के समक्ष



रखा। कार्यक्रम के दौरान संगीता जैन ने महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है तथा किसी भी महिला के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्पलाइन, मिशन शक्ति अभियान और कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग एवं विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। महिला जनसुनवाई शिविर के आयोजन से महिलाओं में अपनी समस्याओं को खुलकर रखने का अवसर मिला।

# निःशुल्क प्याऊ खुला, राहगीरों को मिलेगी बड़ी राहत

## - आसमान से बरसती आग के बीच पत्रकारिता ने निभाया सामाजिक धर्म

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी, लखीमपुर खीरी। लगातार बढ़ रहे पारे और भीषण गर्मी के चलते जहां आम जनजीवन पूरी तरह त्रस्त है वहीं कस्बा खीरी में मानवता को राहत देने वाली एक बेहद सराहनीय तस्वीर सामने आई है। सामाजिक सरोकारों और निष्पक्ष पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखने वाले एक पत्रकार ने एक बार फिर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को साबित किया है। कस्बा खीरी के सबसे व्यस्त और प्रमुख पुलिया चौराहा स्थित प्रेस कार्यालय पर निःशुल्क प्याऊ का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य कड़कती धूप और लू के थपेड़ों के बीच सफर करने वाले राहगीरों, रिक्शा चालकों और स्थानीय लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराकर राहत पहुंचाना है। प्याऊ का विधिवत उद्घाटन मुख्य संपादक डॉ. एमआर अंसारी ने किया। उद्घाटन के बाद डॉ. अंसारी ने कहा कि पत्रकारिता का धर्म सिर्फ खबरों को जनता तक पहुंचाना ही नहीं, बल्कि समाज के सुख–दुख में उनके साथ खड़े होना भी है। इस भीषण और जानलेवा गर्मी में किसी प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य और सच्ची मानव सेवा है। हमारा यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। उद्घाटन समारोह में पत्रकारिता जगत, राजनीति और कानून के क्षेत्र से जुड़ी कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की और इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में मिर्जा सईद बेग, रफीक अहमद, वरिष्ठ अधिवक्ता सईद खान, भाजपा नेता रोहित अवस्थी, शकील आजमानी, मुन्नन जाफरी, आफताब खान, चाँद मियाँ आदि रहे। इस चौराहे पर शुद्ध और शीतल जल की व्यवस्था होने से राहगीरों ने भी राहत की सांस ली है और पहले ही दिन सैकड़ों लोगों ने अपनी प्यास बुझाई। क्षेत्र की जनता ने इस कदम को बेहद अनुकरणीय बताया।



# भीषण गर्मी में स्काउट्स-गाइड्स ने यात्रियों को बांटा शीतल जल, ऐशबाग और मैलानी स्टेशन पर चला 'निशुल्क प्याऊ' अभियान

संवाददाता लखनऊ। भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा ऐशबाग और मैलानी रेलवे स्टेशनों पर 'निशुल्क वाटर सर्विसदृप्याऊ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा अभियान के तहत स्टेशन परिसर में मौजूद यात्रियों के साथ–साथ ट्रेनों में सफर कर रहे लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया गया, जिससे यात्रियों को गर्मी से काफी राहत मिली।यह कार्यक्रम पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा जिला आयुक्त गाइड डॉ. रंजना पाटनी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों को राहत पहुंचाने के साथ–साथ मानव सेवा का संदेश देना था।अभियान के दौरान स्काउट्स और गाइड्स के स्वयंसेवकों ने स्टेशन पर आने–जाने वाले यात्रियों तथा ट्रेनों में सफर कर रहे लोगों को शीतल जल वितरित किया। अचानक बढ़े तापमान और तेज गर्मी के बीच इस पहल को यात्रियों ने राहतकारी बताते हुए सराहना की। कई यात्रियों ने कहा कि इस प्रकार की सेवा यात्रा के दौरान बड़ी राहत प्रदान करती है।रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह सेवा कार्य केवल पेयजल वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज सेवा और मानवता के प्रति भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। संगठन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में युवाओं की सहभागिता बढ़ाना है।इस अवसर पर ऐशबाग ग्रुप, बादशाहनगर ग्रुप और मैलानी ग्रुप के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर–रेंजर तथा लीडर्स ने सक्रिय भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों ने पूरी निष्ठा और सेवा भाव के साथ यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराया और गर्मी से राहत पहुंचाने के इस अभियान को सफल बनाया।

# ग्रापए मनाएगा संस्थापक स्व. बालेश्वर लाल जी की 39 वीं पुण्यतिथि

## - 27 मई को ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में होगा कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो



महोबा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बालेश्वर लाल जी की 39 वीं पुण्यतिथि आगामी 27 मई को पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में बेहद भव्य तरीके से मनाई जाएगी। कार्यक्रम महोबा–छतरपुर रोड स्थित बजरंग चौक के पास टूरिस्ट बंगला में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में जारी सूचना के अनुसार इस श्रद्धांजलि सभा और भव्य समारोह की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र अरजरिया करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी युवा उद्यमी सुलभ सक्सेना, विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप जिलाधिकारी सदर एवं प्रभारी जिला सूचना अधिकारी शिव ध्यान पांडेय, अति विशिष्ट अतिथि मण्डल अध्यक्ष ग्रा.प.ए मोहम्मद यूनुस खान, अति विशिष्ट अतिथि जिला पर्यटन सूचना अधिकारी, डॉक्टर चित्रगुप्त श्रीवास्तव, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व सविता सेन सेवा प्रसार समिति के जिलाध्यक्ष बलवीर सेन बल्लू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संगठन के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। कार्यक्रम में संगठन के प्रति अहम जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे पांच पत्रकारों को स्व. बाबू बालेश्वर लाल जी सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी एसोसिएशन के जिला महामंत्री अनिलबाबू सेन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

# मोहनलालगंज में पुरानी रंजिश में हमला, उपचार के दौरान व्यक्तिकी मौत; सगे भाई समेत दो हिरासत में

संवाददाता लखनऊ। राजधानी के मोहनलालगंज क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमे में गैर इरादतन हत्या से संबंधित धारा बढ़ाते हुए त्वरित कार्रवाई के तहत मृतक के सगे भाई और चचेरे भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।पुलिस के अनुसार, 23 मई 2026 को थाना मोहनलालगंज में पीड़िता ने लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पति जमुना प्रसाद (40), निवासी ग्राम गोपाल खेड़ा, थाना मोहनलालगंज, अपने कार्यस्थल पावर ग्रिड खुजेहटा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बैलरिया खेड़ा के पास पहले से घात लगाए बैठे विपक्षियों ने उन्हें रोक लिया।तहरीर में आरोप लगाया गया कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने गाली–गलौज करते हुए जमुना प्रसाद पर लाठी–डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपियों द्वारा घटना के दौरान जान से मारने की धमकी देने की बात भी सामने आई है। गंभीर रूप से घायल जमुना प्रसाद को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से पहले अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें ट्रॉमा सेंटर, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) रेफर कर दिया गया।घटना के संबंध में थाना मोहनलालगंज में मुकदमा अपराध संख्या 234 / 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(2), 115(2), 352, 351(3) और 109 में मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि उपचार के दौरान 24 मई 2026 को जमुना प्रसाद की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने मामले में धारा 105 बीएनएस की वृद्धि कर दी है।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों में मृतक के सगे भाई हरदेश (28) और चचेरे भाई लवकुश (26), दोनों निवासी गौरियाखुर्द, को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई संपन्न की गई है तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में उपलब्ध साक्ष्यों और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मड़ियांव पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ युवक को दबोचा, कई मामलों में रहा है आरोपित

संवाददाता लखनऊ। राजधानी की मड़ियांव पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को केशवनगर चौकी क्षेत्र स्थित कबाड़ मंडी से पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल कर रही है।पुलिस के अनुसार, 23 मई 2026 को थाना मड़ियांव की पुलिस टीम क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की तलाश में केशवनगर चौकी क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि देशी शराब के ठेके के पीछे स्थित कबाड़ मंडी में एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध तमंचे के साथ मौजूद है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया।पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम सौरभ उर्फ पीयूष (28) निवासी अजीजगंज गीहार बस्ती, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहांपुर बताया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कबाड़ का काम करता है। तलाशी के दौरान उसके पास से .315 बोर का एक अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी से तमंचे का लाइसेंस मांगा, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में आरोपी ने कथित रूप से बताया कि वह तमंचा शौकिया तौर पर रखता था और कभी–कभी लोगों में भय दिखाने के लिए इसका इस्तेमाल करता था।मामले में थाना




मड़ियांव पर मुकदमा अपराध संख्या 242 / 2026 के तहत धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को 23 मई की रात करीब 10रू55 बजे हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ बरेली और शाहजहांपुर में लूट, चोरी, अवैध हथियार रखने तथा अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2016 और 2024 के विभिन्न मामले शामिल बताए जा रहे हैं। इस कार्रवाई को प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र चौधरी, मुख्य आरक्षी दुर्गेश सिंह और आरक्षी दिग्विजय सिंह की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और अन्य गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# ओवरलोड डंपर ने महिला को रौंदा, दोनों पैर काटने पड़े

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। बेलगाम गुजरने वाले ओवरलोड भारी वाहन मुख्य मार्ग को छोड़कर गांव की सकरी गलियों गुजरते



समय एक महिला के पैरों को कुचलते फरार हो गया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डलमऊ पहुंचाया गया जहां हालात गंभीर होने पर डाक्टरों ने एम्स रायबरेली रेफर कर दिया जहां घायल महिला के दोनों पैर काट दिए गए। घटना डलमऊ क्षेत्र के पूरे बघेलन गांव के पास की है जहां रविवार की सुबह रानी देवी उर्म लगभग 55 वर्ष अपने पति जागेलाल को खाना देने दुकान पर जा रही थी तभी खनन विभाग के अधिकारियों से बचने के लिए मुख्य मार्ग को छोड़कर सूरजपुर माइनर की पटरी से गुजर रहे तेज रतार अनियंत्रित ओवरलोड डंपर ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया और रौंदते हुए मौके से फरार हो गया। भागते समय डंपर चालक गदागंज चौराहे पर आगे जा रहे एक डंपर में जोरदार टक्कर मार दिया घटना के बाद गदागंज पुलिस ने चालक को पकड़ लिया। डलमऊ में हुई घटना में जानकारी होने पर घायल महिला रानी देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ से एम्स रेफर कर दिया है जहां पर घायल महिला के दोनों पैर काटना पड़ा। कोतवाली प्रभारी डलमऊ राघवन सिंह ने बताया कि घायल महिला के बेटे अजीत कुमार के द्वारा दिए गए ताहिर के आधार पर ट्रक चालक अनिल विश्वकर्मा निवासी बहुआ फतेहपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही हैं वहीं दुर्घटना कर भाग रहे डंपर को गदागंज पुलिस ने गिरतार कर लिया। घटना से बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने डलमऊ फतेहपुर मार्ग सूरजपुर गांव के पास बास, बल्ली, तखत आदि लगाकर सड़क जाम कर दिया जिसे देखते ही देखे कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारे लग गई और पुलिस प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में लगातार ओवरलोड वाहन तेज रतार से दौड़ रहे हैं, लेकिन प्रशासन कार्रवाई नही कर रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि ओवरलोड डंपरों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं और लोगों की जान खतरे में बनी हुई है सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक हंगामे के बाद पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। वहीं पुलिस ने डंपर चालक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना रहा और लोगों में प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी देखने को मिली।

# विजयोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर



शनिवार देर शाम स्मारक स्थल के आडिटोरियम में सांस्.तिक कार्यक्रमों की धूम रही। संस्.ति विभाग की ओर पधारे मंझे हुए कलाकारों के दल के साथ स्थानीय शिक्षण संस्थाओं विशेषकर परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति लोगों का दिल जीत लिया। सांस्.तिक संध्या में संस्.ति विभाग के पंजी.त कलाकारों सुश्री वन्दना मिश्रा एण्ड पार्टी, सुरेश कुशवाहा एण्ड पार्टी तथा सुचित्रा पाण्डेय एण्ड पार्टी ने लोकगायन, भजनों व देशभक्ति से ओत–प्रोत गीतों की प्रस्तृति से कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। वहीं दूसरी बाबा सुन्दर सिंह मूक बधिर विद्यालय के दिव्यांग ने देश की धरती सोना उगले गीत व अन्य प्रस्तुति मौजूद लोगों रोमांचित कर दिया। दिव्यांग बच्चों की साहसिक प्रस्तुति पर हाल में बैठे सभी लोगों द्वारा मुक्तकंठ से सराहना की गई। सांस्.तिक संध्या में परिषदीय विद्यालय के बालक बालकों द्वारा सशक्त उपस्थिति दर्ज करायी गई। ब्लाक फखरपुर अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये योगासन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तेजवापुर की छात्राओं देश की माटी सोना उगले तथा पप्पा जल्दी घर आ जाना इत्यादि गीतों पर मनोहारी सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। गुरू .पा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा समूहगीत लक्ष्य व गणेश वन्दना की प्रस्तृति को भी दर्शकों द्वारा सराहा गया। राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्रों द्वारा भारत की बूटी गीत की प्रस्तुति की गई। छात्रा रोशनी द्वारा बालिका सशक्तिकरण पर आधारित स्वयं द्वारा रचित कविता का पाठ किया गया।

# 14 जून को होगा अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन व सम्मान समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में उ0प्र0 जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आगामी 14 जून को एक भव्य अंतर्राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियों को लेकर चौक बाजार स्थित हिन्दी मीडिया सेंटर में मंडल अध्यक्ष शादाब हुसैन की अध्यक्षता और जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता के संचालन में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस सम्मेलन में देश–विदेश के प्रतिष्ठित पत्रकारों, मीडिया विशेषज्ञों और सामाजिक हस्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रदेश में बढ़ रहे पत्रकार उत्पीड़न पर चिंता जताते हुए उनकी सुरक्षा और एकजुटता पर बल दिया गया, साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भोजन, माल्यार्पण और बैज व्यवस्था जैसी विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस वर्ष भी पत्रकारिता क्षेत्र में उत्.ष्ट सेवाओं के लिए लगभग दो सौ पत्रकारों को रोली–चंदन लगाकर अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र एवं हाथ घड़ी भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में पत्रकार एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी पर टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

## - दिनेश सिंह का फूंका पुतला

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विगत दिनों जननायक राहुल गांधी सहित उनके सम्पूर्ण खानदान के विरुद्ध भाजपा सरकार में मंत्री तथा भाजपा नेता दिनेश सिंह द्वारा की गई अपमानजनक व अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेसजनों ने शिवपुर ब्लाक के अन्तर्गत रामपुर धोबिया में भाजपा नेता दिनेश सिंह का पुतला दहन कर आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दिनेश सिंह को अभिलम्ब बर्खास्त करने तथा उन पर मुकदमा चलाने की मांग की गई। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पर दर्ज किया गया मनगढ़ंत एवं फर्जी मुकदमे पर प्रदेश भाजपा सरकार की तीखी आलोचना करते हुए तत्काल प्रभाव से मुकदमे वापस लेने के लिए पुरजोर तरीके से मांग की गई। इस दौरान कांग्रेस नेता विनय सिंह ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार ने मंत्री दिनेश सिंह जो विगत लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी से बुरी तरह से पराजित होकर धूलधूसरित हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह वही दिनेश सिंह है जो जिस गांधी खानदान के टुकड़ों पर पला बढ़ा और आज भाजपा सरकार के इशारे पर तथा अपने निजी स्वार्थ में अपने स्वामी पर ही भौंकने लगा है। उन्होंने कहा कि ऊपर वाले का शुक्र है कि उनका पालतू दिनेश बेवफा निकला वरना कुत्ते तो वफादार हुआ करते हैं। जिला महासचिव एवं मीडिया प्रभारी राशिद अली ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पर दर्ज किए गए फर्जी एवं मनगढ़ंत मुकदमे



भाजपा सरकार की घीझ है क्योंकि भाजपा अपने नाकामयाबियों पर पर्दा डालने की कोशिश में थी जिसे अध्यक्ष ने बेनकाब कर दिया है। इस अवसर कांग्रेस नेत्री मालती पासवान ने कहा कि आज हम सब कांग्रेस जनों को लामबंद होकर कांग्रेस के संक्रमण काल में शीर्ष नेतृत्व के साथ संघर्षों में घर बाहर निकलना जरूरी है क्योंकि भाजपा सच को दबाने हेतु निम्न स्तर पर जा रही है। उक्त दौरान रवीन्द्र स्वरूप, एम शफीक विकास अंकित राहुल रामनरेश यादव अवधराज पासवान मुकीम विशुन कुमार पाल हरिकेश यादव कलीम खान साहबराम गोस्वामी अंगद पासवान सरदार राम प्रताप सिंह समेत कई लोगों ने अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया।

# प्रेम प्रसंग को लेकर हंगामा, महिला के पहुंचने पर थाने पहुंचा मामला

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर। मोहल्ला हलवाईयान में देर रात उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब एक महिला अचानक युवक के घर पहुंच गई। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर पूछताछ की। बताया जाता है कि महिला नजीबाबाद क्षेत्र की निवासी है और उसके तीन बच्चे हैं। महिला का कहना है कि उसकी युवक से सोशल मीडिया के जरिए कई वर्षों से बातचीत चल रही थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने के बाद युवक ने उसे भरोसा देकर बुलाया था। देर रात महिला के युवक के घर पहुंचने पर परिवार के लोगों को जानकारी हुई, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। मामले की खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और काफी देर तक अफरा–तफरी का माहौल बना रहा। महिला ने युवक पर भरोसा तोड़ने का आरोप लगाया है, जबकि युवक पक्ष ने लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सरयू तटबंध से नरायनपुर कला को मिली राहत

## - तपसी बाबा मंदिर रहेगा सुरक्षित

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा के विकास खंड बलहा के अंतर्गत सरयू नदी के तट पर बसे ग्राम नरायनपुर कला को कटान से बचाने और प्रसिद्ध तपसी बाबा मंदिर को सुरक्षित रखने की मुहिम सफल होती दिख रही है। विधान परिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी ने गांव पहुंचकर निर्माणाधीन सरयू तटबंध का स्थलीय निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से इस तटबंध परियोजना को स्वी.ति मिली है और कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे क्षेत्र को कटान से स्थायी राहत मिलेगी। डॉ. टीएन यादव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के सहायक व अवर अभियंता, जेई, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नसीम खान और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भविष्य की सुरक्षा के मद्देनजर तटबंध को और अधिक मजबूत व विस्तारित करने की मांग भी रखी।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दो शातिर चोर गिरफ्तार

## - चोरी के दो ई-रिक्शा, आठ बैटरियां बरामद, पूछताछ में कई खुलासे

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में कार्य करते



हुए थाना सिविल लाइन पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरतार कर उनके कब्जे से चोरी के दो ई–रिक्शा एवं आठ ई–रिक्शा बैटरियां बरामद की हैं। यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में 23/24 मई की रात्रि थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक सूचना के आधार पर थाना सिविल लाइन पर पंजी.त मुकदमा अपराध संख्या 85/2026 से संबंधित दो अभियुक्तों को नुमाइश मैदान के पास से गिरतार किया गया। पुलिस पूछताछ में गिरतार अभियुक्तों के कब्जे से दो ई–रिक्शा एवं आठ ई–रिक्शा बैटरियां बरामद हुईं। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने साथियों के साथ मिलकर ई–रिक्शा चोरी करते थे तथा चोरी के बाद ई–रिक्शा एवं उनकी महंगी बैटरियों को बेचकर धन अर्जित करते थे। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि 19 मई को उन्होंने आयुष कंपनी का एक ई–रिक्शा सरैया चुंगी के पास से चोरी किया था। उक्त मामले में थाना सिविल लाइन पर पंजी.त मुकदमा अपराध संख्या 85/2026 में धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के साथ धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरतार अभियुक्त दीपू पुत्र गंगाराम निवासी नगला नधा थाना बसरेहर, हाल निवासी ब्लॉक संख्या 08/121 कांशीराम कॉलोनी थाना सिविल लाइन, साजिद खान पुत्र लईक निवासी मोहल्ला शाह कमर थाना कोतवाली, हाल निवासी ब्लॉक संख्या 9 कांशीराम कॉलोनी थाना सिविल लाइन शामिल हैं। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कण्व कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक मंगल सिंह, मुख्य आरक्षी संतोष कुमार, आरक्षी अजय कुमार एवं आरक्षी पंकज कुमार शामिल रहे।

# एएसपी ने थाना पैलानी का किया वार्षिक निरीक्षण

## – दिए आवश्यक दिशा निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा थाना पैलानी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया



गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरतारी की जाए साथ ही लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेख कक्ष, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, कम्प्यूटर कक्ष, बैरक, मेस तथा थाना परिसर की साफ–सफाई का निरीक्षण किया गया। साथ ही शस्त्रों का निरीक्षण कर उनकी साफ–सफाई एवं रखरखाव की स्थिति का भी अवलोकन किया गया तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुन उनका निराकरण भी किया गया। अंत में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कानून–व्यवस्था बनाए रखने, जनसुनवाई को प्राथमिकता देने तथा आमजन के साथ संवेदनशील एवं सकारात्मक व्यवहार रखने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

# मिश्रिख में हुआ छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह

## – 250 विद्यार्थियों को मिला सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिश्रिख, सीतापुर। एक्सपर्ट कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार को छात्र एवं छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया



गया कार्यक्रम में करीब 250 छात्र–छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन दोपहर में रंजना डायमंड मैरिज लॉन, ब्लॉक के सामने मिश्रिख में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बबलू सिंह एवं ग्राम सहादतनगर के प्रधान लोकनाथ मौर्य रहे। वहीं अन्य अतिथियों में देवेंद्र नंदवंशी आदर्श, मुकेश राज, कपिल मौर्य, पत्रकार श्यामा कुमार मौर्य, पत्रकार रवि शंकर, अनुभव गुप्ता, नागेंद्र मौर्य, राममिलन मौर्य, अभिषेक शुक्ला, विमल यादव सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। संस्थान के डायरेक्टर आरएम मौर्य ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसकी कमेटी में एडवोकेट राम जीवन सिद्धार्थ विशेष रूप से मौजूद रहे।

# तेल व्यापारी प्रकरण में सक्रिय भूमिका निभाने पर व्यापार मंडल सम्मानित

## – प्रांतीय कार्य समिति की लखनऊ बैठक में इटावा व्यापार मंडल की सराहना

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चर्चित तेल व्यापारी उत्पीड़न प्रकरण में व्यापारियों की लड़ाई प्रमुखता से लड़ने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला इकाई को प्रांतीय कार्य समिति की लखनऊ में आयोजित बैठक में सम्मानित किया गया। बैठक में व्यापार मंडल की सक्रियता एवं आंदोलन की सराहना करते हुए पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला ने बताया कि तेल व्यापारी उत्पीड़न प्रकरण में व्यापार मंडल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया गया था, जिसके बाद संगठन ने व्यापारी हित में प्रभावी कदम उठाए। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बैठक में जिला इकाई द्वारा चलाए गए आंदोलन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी व्यापारियों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ने के निर्देश दिए। हरि गोपाल शुक्ला ने बताया कि बैठक में प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। अब बिना सदस्यता लिए कोई भी पदाधिकारी नहीं बनाया जाएगा। इसके साथ ही आगामी 9 जून को प्रधानमंत्री को 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजे जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें व्यापारी बीमा राशि 10 लाख



रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किए जाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार पाल, युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष सरिता कुशवाहा सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# बन्थरा में व्यक्ति का शव घर में मिला, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता लखनऊ। थाना बन्थरा क्षेत्र के ग्राम भदोई, पोस्ट मवई पडियाना में शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव घर के कमरे में मिलने से क्षेत्र में शोक का माहौल फैल गया। सूचना मिलने पर थाना बन्थरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई।पुलिस के अनुसार ग्राम भदोई निवासी राजेश (49) का शव घर के कमरे में मिला। परिजनों द्वारा पुलिस के पहुंचने से पहले शव को नीचे उतार लिया गया था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर घटना से संबंधित जानकारी एकत्र की।प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि मृतक हलवाई का कार्य करता था। परिवार में पत्नी, लगभग 18 वर्षीय पुत्री तथा करीब ढाई वर्ष का पुत्र है। घटना के बाद परिवार में गहरा शोक व्याप्त है।थाना बन्थरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है तथा पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## प्रादेशिक खरवार सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व जिलाध्यक्ष का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

मोहम्मदाबाद, रेवतीपुर। प्रादेशिक खरवार सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वृन्दावन खरवार एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मदेव खरवार का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिला मंत्री गोपाल खरवार द्वारा दोनों वरिष्ठ नेताओं को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला मंत्री गोपाल खरवार ने कहा कि वृन्दावन खरवार एवं डॉ. ब्रह्मदेव खरवार ने अपना पूरा जीवन खरवार समाज के उत्थान एवं संगठन को मजबूत करने में लगाया है। इनके मार्गदर्शन में समाज ने शैक्षिक, सामाजिक एवं राजनीतिक



क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। युवाओं को इनके संघर्ष और समर्पण से प्रेरणा लेनी चाहिए। सम्मानित होने पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वृन्दावन खरवार ने कहा कि समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। सभी को मिलकर शिक्षा और रोजगार पर फोकस करना होगा। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मदेव खरवार ने युवाओं से संगठन से जुड़कर सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। उत्तर प्रदेश आदिवासी समुदाय के दिग्गज नेता एवं उत्तर प्रदेश आदिवासी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव (प्रशासन) कुन्दन खरवार ने कहा कि वृन्दावन खरवार और डॉ. ब्रह्मदेव खरवार हमारे समाज के स्तंभ हैं। इन्होंने कठिन समय में समाज को दिशा दी है। आज आदिवासी समाज को अपने हक–अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। शिक्षा और संगठन के बिना समाज आगे नहीं बढ़ सकता। हम सबको मिलकर अपने महापुरुषों के सपनों का भारत बनाना है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भरत खरवार, दिनेश खरवार, कुन्दन खरवार, गोपाल खरवार, संतोष खरवार, ओमप्रकाश खरवार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के संरक्षण का दिया संदेश

### – ब्रह्माकुमारीज केंद्र पर दाना–पानी वितरण कर लोगों को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ब्रह्माकुमारीज की सिविल लाइन शाखा पर भीषण गर्मी के दौरान पर्यावरण संरक्षण में सहायक पक्षियों के लिए दाना–पानी की व्यवस्था करने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया




गया। कार्यक्रम में लोगों को पक्षियों के संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए मिट्टी के पात्र एवं दाना वितरित किया गया।

केंद्र संचालिका बीके नीलम बहन ने कहा कि हम सभी को अपने घरों की छतों पर पक्षियों के लिए भोजन एवं पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे हमें स्वतंत्रता प्रिय है, वैसे ही पक्षियों को भी स्वतंत्र विचरण करने का अधिकार है, इसलिए उन्हें पिंजरे में बंद न रखें। जायंट्स ग्रुप दतावली की अध्यक्षा स्नेह अग्रवाल ने कहा कि सनातन धर्म में पक्षियों को पितरों का रूप माना गया है। इसलिए भावनात्मक रूप से भी हमें उन्हें स्नेहपूर्वक दाना–पानी देना चाहिए। जायंट्स सहेली की नीलिमा श्रीवास्तव ने कहा कि केवल गर्मी ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष पक्षियों के संरक्षण का ध्यान रखना चाहिए। इससे मन को खुशी मिलती है और पुण्य लाभ भी प्राप्त होता है। बी.के. प्रीति बहन ने कहा कि पक्षी हमें यह संदेश देते हैं कि जैसे डाल को पकड़कर स्वतंत्र उड़ान संभव नहीं है, उसी प्रकार माया–मोह के बंधन में बंधा आत्मा रूपी पंछी परमात्मा के सानिध्य का अनुभव नहीं कर सकता। कार्यक्रम में बहन शिवि दुबे ने चिड़िया रानी पर कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर सुनीता वर्मा, सारिका अग्रवाल, स्नेहलता वर्मा, वीरेंद्र कुशवाहा, जगपाल, पूजा, दीप्ति वर्मा, सुधा, राजेश्वरी, रतन, डॉ. विनय अग्रवाल, राजाराम, उमाशंकर, महेंद्र, छाया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## कल आएंगे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, गौरक्षा का फूंकेंगे बिगुल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए इस समय पूज्य ज्योर्तिमठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज लगातार देश भर में धार्मिक एवं जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में शंकराचार्य जनपद 26 मई को



करीब शाम पांच बजे पहुंचेंगे जहां के अतर्रा चुंगी रोड स्थित रामलीला मैदान के गणेश भवन में धर्म सभा आशीर्वाद और धर्म मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। जहां लाखों की संख्या में भीड़ पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। कार्यक्रम में सनातन धर्म, राष्ट्र हित, सामाजिक समरसता, गौ संरक्षण, भारतीय संस्:ति और जन जागरण से जुड़े तमाम विषयों पर भक्तों को संबोधित करेंगे। साथ ही 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की झलक भी इस कार्यक्रम में नजर आ सकती है जहां यह उदघोष किया जाएगा कि मतदान उसी को करें जो गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की लड़ाई लड़े। इसके बाद 27 मई को शंकराचार्य तिंदवारी मार्ग होते हुए फतेहपुर जनपद के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## जमुनहा में नया ट्रांसफार्मर लगाने की नौ माह पुरानी मांग पर नहीं हुआ अमल

### - केवलपुर में 6 दिन बाद बदला ट्रांसफार्मर एक घटे में फिर जला, लोगों में भारी आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। एक ओर वार्ड संख्या 6 जमुनहा एवं घासियारन मोहल्ले में लंबे समय से नए ट्रांसफार्मर की मांग पूरी नहीं हो सकी है, वहीं दूसरी ओर वार्ड संख्या 3 केवलपुर में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर एक घंटे के भीतर ही जल जाने से स्थानीय लोग परेशान हैं। जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या 6 जमुनहा एवं घासियारन मोहल्ले में शनिवार रात लगभग 3 बजे तार जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी। इससे करीब 1200 की आबादी पूरी रात भीषण गर्मी में परेशान रही। रविवार सुबह लगभग 11 बजे लाइनमैन सोनू सोनी के प्रयास से मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन मोहल्लों की बिजली आपूर्ति स्टेशन रोड स्थित धर्मशाला के पास रखे ट्रांसफार्मर से होती है, जिसकी दूरी लगभग 800 मीटर है। लंबी दूरी के कारण तार अधिक गर्म होकर अक्सर टूट जाते हैं, जिससे क्षेत्र में बार–बार बिजली संकट उत्पन्न हो रहा है। समस्या के स्थायी समाधान के लिए भाजपा किसान मोर्चा रूपईडीहा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्रा, वार्ड संख्या 6 के सभासद मनोज प्रजापति तथा अन्य ग्रामीणों ने 24 सितंबर 2025 को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर जमुनहा गांव में 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की थी। शिकायत का पंजीकरण संख्या 40018025075475 बताया गया है। बताया जाता है कि विद्युत विभाग ने अपनी आख्या में भी स्वीकार किया था कि लंबी दूरी के कारण तार गर्म होकर टूट जाते हैं तथा क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है। इसके बावजूद करीब 9 माह बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। भीमसेन मिश्रा एवं सभासद मनोज प्रजापति ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि आईजीआरएस शिकायत का शीघ्र संज्ञान लेकर जमुनहा गांव में नया ट्रांसफार्मर स्थापित कराया जाए, ताकि लोगों को गर्मी में राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उधर वार्ड संख्या 3 केवलपुर में भी विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। यहां पिछले छह दिनों से ट्रांसफार्मर जलने के कारण करीब 1000 की आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर थी। स्थानीय लोगों के अनुसार छह दिन बाद नया ट्रांसफार्मर लगाया गया, लेकिन सप्लाई चालू होते ही लगभग एक घंटे के भीतर वह भी जल गया। वार्ड संख्या 3 के सभासद अशोक यादव एवं नगर पंचायत सुपरवाइजर संतोष वर्मा ने बताया कि केवलपुर क्षेत्र की विद्युत स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। भीषण गर्मी में लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। इस संबंध में अवर अभियंता सहाबा शंभू दयाल ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और क्षेत्र में अधिक लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर पुनः जल गया। मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है तथा जल्द ही दूसरा ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## पत्नी की प्रेम प्रसंग के चलते पति को मारने की व्हाट्सएप चैटिंग वायरल

### - पति ने ग्रामीण युवक के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को मारने की व्हाट्सएप चैट वायरल होने से सनसनी के मामला सामने आया है। पति ने पत्नी के प्रेमी के विरुद्ध मामला कटरा थाने में दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। थाना क्षेत्र के एक निवासी ग्रामीण युवक ने कटरा थाने पर दर्ज कराई प्राथमिकी में पुलिस को बताया है कि मेरे ननिहाल की पुरानी रिश्तेदारी में से मेरी शादी हुई थी। जब मेरा विवाह हुआ था तब मेरे पिता की मृत्यु हो चुकी थी, तथा मेरे पिता की चल अचल संपत्ति जो मेरे हिस्से की थी। वह मेरे नाम पर दर्ज हो चुकी थी। यह जानकारी मेरी पत्नी और सास ससुर सहित अन्य स्वजन को थी। मेरे गांव का युवक अपने भाई के साथ अपने ननिहाल में जाकर रहने लगे थे। मेरे परिवार का होने के कारण युवक का मेरी ननिहाल में आना–जाना था। जिस कारण मेरी पत्नी से शादी से पहले ही मेरे गांव के युवक का प्रेम संबंध हो गया था। इसकी जानकारी मुझे व मेरे परिवार को मेरे विवाह से पहले नहीं थी, परंतु मेरे विवाह के उपरांत जब मेरी पत्नी से मेरे पड़ोसी की नजदीकी बढ़ने लगी तब धीरे–धीरे पहले की घटना मुझे और मेरे परिवार वालों को पता चली। मेरी पत्नी से ग्रामीण युवक फोन पर बातचीत एवं मैसेज का आदान–प्रदान करता था। और उसी के सहारे दोनों लोग एक दूसरे से मिलते थे। फरवरी 2023 में मेरे भतीजे का जन्म हुआ, जिसका मुंडन संस्कार फरवरी 2025 में हुआ था। मेरे घर पर मुंडन संस्कार के प्रतिभोज का कार्यक्रम चल रहा था। रात्रि करीब 8रू30 बजे मैं सामान लेने के लिए अपने कमरे में गया तो मैंने अपनी पत्नी और पड़ोसी युवक के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। जिसके बाद मैंने अपनी पत्नी को समझाया कि अब तुमसे मेरा विवाह हो गया है अब हमारे और अपने परिवार की इज्जत करो और ख्याल करो शादी से पहले तुमने जो संबंध में बना लिये। तब मेरी पत्नी ने मुझसे कहा था कि मैं तुम्हें पसंद नहीं करती हूं। पड़ोसी युवक के कहने पर मैंने तुमसे शादी की थी कि हम दोनों एक ही गांव में रहेंगे तो हमारे प्रेम संबंध बरकरार रहेंगे। इसी ने मुझे बताया था कि तुम्हारे पिता की मृत्यु हो गई है और तुम्हारे नाम पर जमीन जायदाद दर्ज हो गई है। अब जो कुछ देख लिया है उसे अपने तक ही सीमित रखना अगर स्वजन को बताया तो उसका परिणाम तुम स्वयं जानते हो। मैं डर के मारे कभी किसी को कुछ नहीं बताया और अंदर ही अंदर घुटने लगा। एक दिन मेरी पत्नी के मोबाइल से मेरे बड़े भाई एवं मेरे जीजा सहित मेरे पड़ोसी के मोबाइल पर आपत्तिजनक मैसेज आया था। जिसमें मुझे जान से करने के लिए तारीख मुकर्रर की गई थी। तब मैंने अपनी पत्नी से इस मैसेज के बारे में पूछा तो उसने कहा यह मैसेज मैंने नहीं मेरी मोबाइल लेकर पड़ोसी प्रेमी युवक ने भेजा था, तथा इंस्टाग्राम की वीडियो लोगों को भेजी है। व्हाट्सएप चौटिंग वायरल होने के बाद मेरी जान माल को खतरा बना हुआ है, क्योंकि मैसेज में मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए मेरी इज्जत को बदनाम करने की कोशिश की गई है। पुलिस ग्रामीण युवक की तहरीर पर प्रेमी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह ने बताया है कि ग्रामीण युवक की तहरीर पर प्रेमी युवक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 26 दिन बाद भी लापता युवक का सुराग नहीं

### - नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र से लापता हुए युवक का 26 दिन बीत जाने के बाद भी कोई निवासी अताउर्रहमान ने लहरपुर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में पटकी टोला निवासी सीमा बानो, मुन्ना, हुस्ना, आसिफ,



पता नहीं चल सका है। मामले में परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताते हुए 15 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी पर ठोस कार्रवाई न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र के शेख सरांय शीबू, छोटे, शानू, शहीद, सबा, सना, फिदा तथा शहर कोतवाली क्षेत्र के कोट कर्बला निवासी मरों पत्नी शरीफ, खुशनुमा पत्नी कय्यूम, वसीक और हसीब को नामजद किया है। परिजनों के अनुसार 24 वर्षीय अरकानुर्रहमान संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी कोई जानकारी न मिलने पर परिवार ने हत्या कर शव गायब करने की आशंका जताई। मामले में 15 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। परिजनों का आरोप है कि एफआईआर के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए हैं। परिजनों का आरोप है कि 24 वर्षीय अरकानुर्रहमान को गलत मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर आरोपियों ने करीब दो साल पहले उसका निकाह सीमा बानो से करा दिया था और कोर्ट मैरिज भी कराई गई थी। बताया जाता है कि सीमा की विदाई नहीं हुई थी, जिसके चलते विवाद बना रहा। इसी विवाद के चलते आरोप है कि सीमा ने दुष्कर्म व दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराने के बाद बहाने से अरकानुर्रहमान को लहरपुर बुलाया और इसके बाद वह अचानक लापता हो गया। परिजनों का आरोप है कि उसके साथ मारपीट कर संभवतः हत्या कर दी गई और साक्ष्य छिपाने के लिए उसे गायब कर दिया गया। घटना के बाद नहर में कूदने की सूचना पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो वहां युवक की बाइक मिली, लेकिन अरकानुर्रहमान का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। इससे परिजनों की आशंका और गहरा गई है। परिजनों का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने अब तक न तो किसी आरोपी से सख्ती से पूछताछ की और न ही गिरफ्तारी की दिशा में प्रभावी कदम उठाए हैं। उनका आरोप है कि नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। परिवार ने यह भी कहा कि पुलिस की ओर से अब तक उन्हें जांच की प्रगति के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) से लेकर एडीजी तक शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस पूरे मामले में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 280 मरीजों की हुई जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले के मोहनपुरवा ग्राम पंचायत भवन में बेटी बचाओ संस्था के द्वारा श्री सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड टीम द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं का नेत्र परीक्षण किया गया तथा स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और जरूरतमंदों की मदद के उद्देश्य से एक विशाल निःशुल्क शिविर का सफल आयोजन बेटी बचाओं




संस्था के द्वारा किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर अपनी आँखों की जाँच करवाई।

शिविर में कुल 280 व्यक्तियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 18 मरीजों को मोतियाबिंद से पीड़ित पाया गया। चयनित सभी मरीजों का श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, जानकीकुंड, चित्रकूट में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक अशोक यादव अध्यक्ष बेटी बचाओ संस्था ने कहा कि आज के समय में नेत्र संबंधी विकार तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए समय–समय पर आँखों की जाँच कराना बेहद जरूरी है। इसी तरह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगवाकर समाजहित में कार्य करते रहना हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम आयोजक श्रीमती वर्षा यादव सचिव बेटी बचाओ संस्था ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन– स्वस्थ रहना ही जीवन की असली पूँजी है। बीमारी से बचाव, स्वास्थ्य का प्रचार– रोकथाम ही सबसे अच्छा इलाज है। स्वस्थ तन, स्वस्थ मन– स्वास्थ्य शिविर से मिलेगी जीवन में संतुलन। स्वास्थ्य सेवा, सबके लिए– हर व्यक्ति को मिले स्वास्थ्य का अधिकार। राहुल नामदेव (मण्डल उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक) ने कहा कि "मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। स्वतंत्र साहू (मण्डल मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक) ने कहा कि यह एक अत्यंत सराहनीय और जनहितकारी प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को भी शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। विशेष सहयोग कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि रंजीत सोनी विशेष सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम एवं क्षेत्रवासी रामहित यादव पूर्व प्रधान, योगेश यादव, अनुराग यादव, सुनील वर्मा, मातादीन खेंगर, वरदानी अनुरागी, सुधीर त्यागी आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## दरगाह दादा मियां में सैय्यद हबीब अनवर कलंदर का मनाया 248 वां उर्स

न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। स्थानीय दरगाह कलंदरिया दादा मियां में सैय्यद हबीब अनवर कलंदर का 248 वा वार्षिक उर्स 23 मई से शुरू होकर रविवार को समाप्त हो गया। आपके पौत्र हजरत सैय्यद मकबूल अनवर कलंदर सुप्रसिद्ध नाम मकबूल मियां का 68 वा उर्स शुरू हो गया। उक्त अवसर पर रात के समय कव्वाली



हुईं और चादर पेश की गई जबकि 24 मई को प्रातः कुरान ख्वानी हुई और पूर्वान्ह हजरत सैय्यद हबीब अनवर कलंदर उर्फ दादा मियां का कुल शरीफ हुआ इसी रात दादा मियां के पौत्र हजरत सैय्यद मकबूल अनवर कलंदर के 68 वें उर्स के सिलसिले में सांय काल मीलाद शरीफ तत्पश्चात महफिल ए समा हुई और 25 मई को प्रातः कुरआन ख्वानी तथा 10 बजे से कव्वाली शुरू होंगी और दोपहर में मकबूल मियां का कुल शरीफ होगा। दादा मियां की महफिले उर्स के अवसर पर दरगाह के सज्जादा नशीन सैय्यद तरीक अहमद किरमानी ने कहा कि हमें आपसी भाई चारे को मजबूत बनाना होगा तभी अच्छे समाज का निर्माण हो सकता है। दादा मियां की शब के अवसर पर उपस्थित सज्जादगान में मकबूल मियां के सज्जादा नशीन सैय्यद तरीक अहमद किरमानी के अलावा हजरत बड़े मखदूम साहब के नजमुल हसन शोएब मियां,सैय्यद लईक अहमद किरमानी सैय्यद वसीक मियां, सैय्यद फरोग अहमद किरमानी, सैय्यद जुगनू किरमानी, सैय्यद जूनू किरमानी, सैय्यद तालिब किरमानी, सैय्यद इमरान किरमानी, हाफिज सैय्यद शारिक किरमानी, सैय्यद मोईन अल्वी सैय्यद ताहिर किरमानी, सैय्यद बिलाल अहमद किरमानी आदि मौजूद रहे।

## नमाज पढ़ने गया व्यापारी, कुत्ता ले भागा लाखों की रकम

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर। किले वाली मस्जिद के पास एक नमाजी की बाइक से एक लाख रुपये से भरा बैग गायब हो गया। बताया जा रहा है कि बैग को एक काले रंग का कुत्ता उठाकर ले गया, जिसकी पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यापारी बैंक से एक लाख रुपये निकालकर मस्जिद में नमाज पढ़ने पहुंचा था। जल्दबाजी में वह रुपये से भरा बैग बाइक पर ही छोड़कर नमाज अदा करने चला गया। इसी दौरान एक काले रंग का कुत्ता बाइक के पास पहुंचा और बैग मुंह में दबाकर वहां से भाग निकला। नमाज के बाद जब व्यापारी वापस लौटा और बैग चेक किया तो उसके होश उड़ गए। आसपास तलाश करने के बाद सीसीटीवी फुटेज देखी गई, जिसमें कुत्ता बैग ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आसपास के क्षेत्रों में बैग की तलाश कराई जा रही है।

# हीट वेव से बचाव हेतु कमिश्नर की आमजन से अपील

## - सभी विभागों को सतर्क व सक्रिय रहने के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी, हीट वेव के .ष्टिगत मंडलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार द्वारा आमजन से विशेष सतर्कता बरतने एवं सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की गई है। शासन स्तर से जारी दिशा–निर्देशों के क्रम में मण्डलायुक्त ने कहा कि आगामी दिनों में तापमान सामान्य से अधिक रहने एवं लू चलने की संभावना है, अतः नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतें तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि हीट वेव (लू) ऐसी स्थिति है, जब तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है तथा गर्म हवाएं चलती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकती हैं। इसके कारण डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, अत्यधिक थकान, उल्टी, सिरदर्द, बेहोशी एवं हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क एवं जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, विशेषकर दोपहर 12 बजे से सायं 04 बजे तक सीधे धूप में जाने से बचें। बाहर निकलते समय सिर को गमछा, टोपी अथवा छाते से ढकें तथा हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा ओ0आर0एस0, नींबू पानी, छाछ, लस्सी एवं अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। उन्होंने कहा कि लोग पौष्टिक एवं तरल आहार का सेवन करें तथा अत्यधिक तैलीय भोजन, शराब, चाय, कॉफी एवं कैफीनयुक्त पेय पदार्थों के सेवन से बचें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी स्थिति में बच्चों अथवा पशुओं को बंद वाहन में अकेला न छोड़ा जाए। मण्डलायुक्त ने किसानों, श्रमिकों एवं खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों से अपील की कि वे भीषण गर्मी के समय कार्य करने से बचें तथा समय–समय पर छायादार स्थानों पर विश्राम करें। पशुपालकों से कहा गया कि पशुओं के लिए पर्याप्त पेयजल, हरा चारा एवं




छायादार स्थान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी, सांस लेने में कठिनाई, शरीर का तापमान बढ़ना अथवा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तत्काल ठंडे स्थान पर ले जाकर पानी पिलाया जाए एवं निकटतम स्वास्थ्य केंद्र अथवा आपातकालीन सेवाओं से संपर्क किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस सेवा 108 एवं पुलिस सहायता हेतु 112 नंबर का उपयोग किया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि तेज हवा के दौरान लोग जर्जर भवनों, कमजोर पेड़ों, विद्युत पोलों एवं खुले बिजली के तारों से दूर रहें। खराब मौसम की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर शरण लें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। मौसम विभाग एवं प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के क्रम में मण्डलायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को हीट वेव एवं आपदा से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भीड़–भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर शीतल एवं स्वच्छ पेयजल, छाया एवं शेल्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक स्थलों पर तापमान एवं मौसम संबंधी सूचनाओं का प्रदर्शन कराया जाए तथा हीट वेव से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया है कि सभी चिकित्सालयों में हीट स्ट्रोक वार्ड स्थापित कर उन्हें पूर्णतः क्रियाशील रखा जाए। पर्याप्त दवाएं, ओ0आर0एस0, आई0वी0 लूड, कूलर, पंखे, ए0सी0 एवं शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मरीजों एवं तीमारदारों के लिए प्रतीक्षालयों में छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था रहे। सभी स्वास्थ्य इकाइयों में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रहे तथा बैकअप व्यवस्था भी सक्रिय रखी जाए। साथ ही समस्त जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि सुरक्षा एवं विद्युत सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने, विद्युत संयंत्रों, कंट्रोल पैनल एवं केबलों का नियमित परीक्षण कराने तथा अग्निशमन उपकरणों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल परिसरों में साफ–सफाई, पेयजल एवं शीतल वातावरण बनाए रखने हेतु नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। जल संस्थान, नगर निकाय एवं पंचायतीराज विभाग को निर्देशित किया गया है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाधा पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा खराब हैंडपंप एवं पाइपलाइन का तत्काल मरम्मतीकरण कराया जाए। जहां जल संकट की स्थिति हो, वहां टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाए। विद्युत विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि विद्युत आपूर्ति सुचारु रखी जाए तथा तेज हवा एवं तेज हवा के दौरान विद्युत लाइनों एवं ट्रांसफार्मरों की सतत निगरानी की जाए। किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना अथवा फॉल्ट की सूचना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शिक्षा विभाग को विद्यालयों में बच्चों को हीट वेव से बचाव संबंधी जानकारी देने, पेयजल एवं पंखों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा समयानुकूल व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालन विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त गौशालाओं एवं गौ आश्रय स्थलों में गौवंश हेतु पर्याप्त पेयजल, हरा चारा, भूसा एवं छायादार स्थान की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लू एवं अत्यधिक गर्मी से बचाव हेतु टीन शेड, टाट एवं बोरे पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए तथा कूलरध्पंखों की समुचित व्यवस्था की जाए। बीमार एवं कमजोर गौवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाए। गौ आश्रय स्थलों में स्वच्छता बनाए रखते हुए जलभराव एवं गंदगी की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। साथ ही गौवंश के लिए पर्याप्त पशु आहार, दवाओं एवं केयर टेकर की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए नियमित निरीक्षण एवं सतत अनुश्रवण किया जाए। मण्डलायुक्त श्री अजीत कुमार ने कहा कि हीट वेव एवं प्रा.तिक आपदाओं से बचाव केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी नागरिक सतर्क रहें, सुरक्षित रहें एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें। प्रशासन आमजन की सुरक्षा एवं राहत हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध एवं तत्पर है।

## कांग्रेस की संगठन सृजन कार्यक्रम की जसपुरा में हुई बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जसपुरा ब्लॉक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मीटिंग आज हुई। मीटिंग में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, ब्लॉक कमेटी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार बूथ मतदाता सूची का वितरण कर सत्यापन कराया जाएगा जो हमारे



बीएलए 2 हैं वह गाँव गाँव जाकर बूथ स्तर पर सत्यापन करेंगें जो सही नाम काटे गए हैं उनको जुड़वाने का काम किया जाएगा और जो गलत नाम जोड़े गए हैं उनको हटवाने का काम किया जाएगा। युवा कांग्रेस जनों ने स्मृति चिन्ह देकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान को सम्मानित किया। बैठक में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, रहमत शेख पूर्व प्रधान रामपुर, आरिफ निजामी ने कांग्रेस पार्टी में संगठन सृजन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, भागवत प्रसाद द्विवेदी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिंदवारी, शशिकांत अवस्थी, दीपेंद्र सिंह एडवोकेट, राजबहादुर सिंह, धर्मराज सिंह, राजेन्द्र दुबे, आतम सिंह, अंकित साहू, शैलेन्द्र सिंह, डॉक्टर संतोष कुमार, अखिलेश पाल, देवेन्द्र कुमार द्विवेदी, सोमदत्त द्विवेदी, हरिओम सिंह, अरुण सिंह सेंगर, जमील शाह, बब्लू द्विवेदी, विनोद शुक्ला एडवोकेट, जयदीप तिवारी, विकास शुक्ला, संदीप कुमार दीक्षित, ऋषि शुक्ला, कपिल कुमार, सर्वेश कुमार द्विवेदी, अरविन्द कुमार, कामता प्रसाद उपस्थित रहे। बैठक कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाराम सिंह व कुशल संचालन जिला महासचिव कालीचरण निगम ने किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसपुरा अशोक सिंह चौहान ने सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया।

## साइकिल अभियान को मिला सम्मान, इंजी अजय हुए सम्मानित

### - साइकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ के संदेश के साथ जनजागरूकता अभियान तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। एबीकेकेएम एवं समाज उत्थान समिति के संयुक्त नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण, बेहतर स्वास्थ्य एवं बढ़ते यातायात जाम से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से 26 जनवरी से लगातार चलाए जा रहे साइकिल चलाओ अभियान के तहत सफारी पार्क के बाहर अभियान के संस्थापक एवं एबीकेकेएम के इंजीनियर अजय कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एबीकेकेएम के जिला महामंत्री इन्जी० राजेश कुमार वर्मा, साइकिल अभियान के संयोजक सुधांशु कुमार (योगाचार्य), सह संयोजक डॉ. हरीशंकर पटेल, शंशाक पटेल सहित अन्य लोगों ने इंजीनियर अजय कुमार का तिलक कर, फूलमालाएं पहनाकर, पट्टिका एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया तथा मिठाई वितरित की। कार्यक्रम के अंत में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। साइकिल अभियान के संस्थापक इंजीनियर अजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण और वाहनों की अधिकता समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में मजबूत कदम है।



उन्होंने युवाओं से प्रतिदिन कम से कम कुछ दूरी तक साइकिल का उपयोग करने की अपील की। संयोजक सुधांशु कुमार (योगाचार्य) ने कहा कि शहरों में बढ़ता ट्रैफिक जाम लोगों के समय और ऊर्जा दोनों को प्रभावित कर रहा है। यदि अधिक से अधिक लोग छोटी दूरी के लिए साइकिल अपनाएं तो जाम की समस्या में काफी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से इसे जन आंदोलन बनाया जाएगा। सह संयोजक डॉ. हरीशंकर पटेल ने इंजीनियर अजय कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है, हृदय मजबूत होता है और मानसिक तनाव भी कम होता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग शारीरिक श्रम से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में साइकिल सबसे सरल और प्रभावी व्यायाम का माध्यम है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। इन्जी० राजेश कुमार वर्मा ने उपस्थितजनों को "साइकिल चलाओ . पर्यावरण बचाओ", "स्वस्थ शरीर . स्वच्छ शहर" एवं "जाम मुक्त भारत . साइकिल युक्त भारत" जैसे नारों के साथ अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर इंजीनियर अजय कुमार की धर्मपत्नी एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सम्मानित सोमिका वर्मा भी उपस्थित रहीं। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से अरुण कुमार वर्मा, मुन्नालाल वर्मा, डॉ. श्रीकांत, श्रीनिवास, सौम्य वर्मा, शंशाक पटेल, नीलकमल, मीना वर्मा, डॉ. स्नेह लता उमराव, प्रीति वर्मा, मनोरमा वर्मा, कविता वर्मा, देवराज वर्मा, रामजीवन, गीतांजलि, राजरानी, वृज भूषण लाल, स्वदेश, सचिन एवं तेजस पटेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व उनके साथी को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर महोबा की राजनीति गरमा गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस प्रशासन ने उनके घर पर ही रोक दिया। जानकारी के अनुसार पूर्व जिलाध्यक्ष



कांग्रेस कमेटी तुलसीदास लोधी एवं कांग्रेस नेता नंदराम मुखिया को चरखारी थाना पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी में थे। आरोप है कि जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के लिए अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र में राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करना अनुचित है। इसी मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस नेता चरखारी जाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही थाना चरखारी पुलिस प्रशासन ने उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी ने स्वयं सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए दावा किया कि पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है और वे प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। रेवतीपुर थाना क्षेत्र के नौली गांव के समीप नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मछली लदी खड़ी पिकअप में पीछे से आए अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसा इतना भयावह था कि



पिकअप पलट गई और पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर थी। घायलों में शामिल नौली निवासी दिनेश चौहान उर्फ भुवर पुत्र सुरेश चौहान की जिला अस्पताल से वाराणसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। दिनेश चौहान मजदूरी कर अपने परिवार का पालन–पोषण करता था। उनकी आकस्मिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक की पत्नी मीनू देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। दिनेश अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। उनके छोटे भाई राजा चौहान और पिता सुरेश चौहान बाहर कंपनी में काम कर परिवार की जीविका चलाते हैं, जबकि दिनेश गांव में रहकर मजदूरी करते थे। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## हजारों लोगों ने संविधान विरोधी ताकतों को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

### - संविधान विरोधी देश के गद्दार : अजय राय

### - संविधान विरोधियों को सत्ता से बाहर करो : राकेश राठौर

न्यूज वाणी ब्यूरो

महमूदाबाद, सीतापुर। देश मे बढ़ते संविधान विरोधी हमलो, सामाजिक न्याय पर हो रहे सुनियोजित हमलो और आर्थिक असमानता की खाई के खिलाफ आज आयोजित संविधान बचाओ संवाद एक जन आंदोलन की चेतावनी बनकर उभरा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि संविधान विरोधी देश के गद्दार है देश को इन गद्दारो से आजाद कराने का संघर्ष कांग्रेस कर रही है आप सभी इस अभियान का हिस्सा बने। इस अवसर पर सासंद राकेश राठौर ने कहा कि आज के महमूदाबाद संविधान बचाओ संवाद सम्मेलन की हजारो की जुटान से साफ हो गया है कि इस बार महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र मे कांग्रेस की जीत होगी और यह लड़ाई हम अरुणेश यादव के नेतृत्व मे जीतेगे। इस




अवसर पर संविधान बचाओ संवाद सम्मेलन के संयोजक अरुणेश यादव ने कहा कि हम संविधान विरोधी ताकतो को महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र से उखाड़ फेंकेगे। कांग्रेस उपाध्यक्ष शिवप्रकाश सिंह ने जहां सीतापुर मे भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर जोर दिया तो सुनीला रावत ने मजदूरो किसानो के हक की बात उठाई। सुनीता चौधरी ने लोकतंत्र मजबूत करने पर बल दिया। सम्मेलन मे अनुप्रिया बर्मा, डा आरपी बर्मा, रोशनी गुप्त ने भी अपनी बात रखी, दीपा वैश्य, अनुपम राठौर, रंजीत राठौर, डा निजामुद्दीन आजाद, हसीना खातून, विष्णु गौतम, मंसूर अली सलमानी, उजागर लाल भार्गव, हजमत अली ने भी अपनी बात रखी। धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राहुल रस्तोगी ने किया। सम्मेलन का समापन कांग्रेस के जिला प्रवक्ता एहतिशाम बेग ने किया।

## तमंचा लेकर घूम रहे शातिर को पुलिस ने दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा बरामद हुआ है। गौरतलब हो कि रविवार को थाना मटौंध पुलिस को




गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति लवकुश को मुड़ेरी रोड मटौंध के पास अवैध तमंचा लिए घूम रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर पूछताछ करते हुए तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुए। जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त को पकड़कर संबंधित न्यायालय भेजा गया। पकड़े गए अभियुक्त लवकुश पुत्र रघुवीरशरण निवासी जखौरा थाना मटौंध के विरुद्ध मु0अ0सं0–101/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग थाना मटौंध दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक विकास नेहरा, कांस्टेबल शशिकान्त, कांस्टेबल टिन्कू मौर्या शामिल रहे।

# सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर पद चयन के लिए आयोजित होंगे शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला सेवायोजन कार्यालय व सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए ब्लाक मुख्यालयों पर शिविर आयोजित कर सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। विकास खण्ड मुख्यालय मिहींपुरवा व नवाबगंज में 27 व 28 मई, हुजूरपुर व बलहा में 29 व 30 मई, महसी व चित्तौरा में 02 व 03 जून, तेजवापुर व पयागपुर में 04 व 05, कैसरगंज व विशेश्वरगंज में 06 व 08, जरवल व फखरपुर में 09 व 10, रिसिया व शिवपुर में 11 व 12 जून 2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से भर्ती शिविर आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सुरक्षा जवान व सुवरवाइजर पद हेतु 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी लम्बाई 168 से.मी. है अर्ह होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक–एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ भर्ती कैम्प में प्रतिभाग कर सकते है। श्री कुमार ने बताया कि इसी प्रकार राजकीय आईटीआई रेहुआ मंसूर महसी में 26 मई को आई.टी.आई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए तथा 30 मई को ब्लाक बलहा में आयोजित रोजगार मेले में विदेशों में उपलब्ध रोजगार की जानकारी के साथ–साथ सभी प्रकार के अभ्यर्थियों को सेवायोजित कराये जाने के उद्देश्य से आयोजित रोजगार मेले में 06 नियोजकों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से पात्रता रखने वाले अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही की जायेगी।

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत हांडा बसहरी के निकट शुक्रवार को दो युवकों की मोटरसाइकिलों की आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे को हल्की चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों चालक सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल चांद बाबू निवासी रंजीत बोझा को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं दूसरे युवक नसरुद्दीन को मामूली चोटें आई थीं, जिनका उपचार करने के बाद उसे अस्पताल से घर भेज दिया गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी हुई है।




# भंडारे में लोगों ने छका प्रसाद, गया धाम पूजा व मानस पाठ का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के पैतृक आवास पैलानी डेरा में आयोजित गया धाम पूजा एवं मानस पाठ संकीर्तन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंत्री रामकेश निषाद के आलावा छंगेलाल निषाद, गोरेलाल निषाद, संतराम निषाद, यदुनाथ निषाद, शिवनारायण निषाद, भोला निषाद, रामआसरे निषाद, शिव आसरे निषाद, पातीराम निषाद, शिवदास निषाद, रामसिंह निषाद, हरीशंकर निषाद, रामबली निषाद, बलराम निषाद, सुखराम निषाद आदि परिवरीय जनों द्वारा आयोजित गया धाम पूजा एवं मानस पाठ कार्यक्रम के माध्यम से पूर्वजों का सम्मान कर उनकी पुण्यात्मा को शांति मिले स कार्यक्रम में भाजपा के जिला पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, प्रांतीय परिषद सदस्य विनोद जैन, जिला महामंत्री निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, सुधीर कुशवाहा, अमित सेठ भोलू, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, विवेकानंद गुप्ता, रामभवन उपाध्याय, अजय पटेल, निर्मला गौतम, जाग्रति वर्मा संतू गुप्ता, संतोष नायक, वीरेंद्र सक्सेना सहित क्षेत्रीय हजारों लोगों सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।






# नेशनल क्लब विजेता टीम का हुआ सम्मान

## - खिलाड़ियों पर बरसी खुशियों की सौगात, खिलाड़ियों के सम्मान में गूंजे जयकारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट के युवा जिला कार्यालय में नेशनल क्लब टूर्नामेंट विजेता टीम के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को गाड़ी की चाबी, आकर्षक उपहार एवं फूल–मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि पर मौजूद अतिथियों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल क्लब टूर्नामेंट के जिलाध्यक्ष मो. फैसल द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी लगातार अपनी मेहनत और लगन से प्रदेश व देश में फतेहपुर का नाम रोशन कर रहे हैं। समारोह में युवा जिलाध्यक्ष मो. इमरान, जिलाध्यक्ष अभिनव यादव, महामंत्री अनीश खान, दिलशाद बाबा, संगठन मंत्री एडवोकेट आलोक शर्मा, डॉ. विनय, मो. फैजान, शफकत उपाध्याय, दिलशाद, नफीस अहमद उपाध्याय एवं नसीम इलेक्ट्रॉनिक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, खिलाड़ी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम पूरे समय उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। खिलाड़ियों के सम्मान में तालियों की गड़गड़ाहट और जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। अंत में युवा जिला कार्यालय प्रबंधक आहिल ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।




# महिला ने छह किलो की बच्ची को दिया जन्म

## - चिकित्सक ने नार्मल प्रसव कराकर रचा इतिहास
## - जच्चा बच्चा सुरक्षित, अस्पताल प्रशासन में भी उत्साह

संवाददाता फतेहपुर। जाको राखे साइंया मार सके न कोए, यह कहावत उस समय एक बार फिर चरितार्थ हुई जब एमएम हॉस्पिटल की महिला चिकित्सक डॉ खुशबू सिंह के कुशल देखरेख में महिला ने छह किलो की बच्ची की कुशलतापूर्वक नार्मल डिलेवरी करवाई। महिला की सुरक्षित डिलेवरी के बाद अस्पताल प्रशासन काफी खुश है। वहीं जच्चा एवं बच्चा दोनों स्वस्थ्य व चिकित्सको की निगरानी में है। असोथर ब्लाक के ग्राम कोर्रा कनक की रहने वाली सुधा पत्नी राजेश को तीसरी बार प्रसव होना था। चिकित्सकों ने बच्चे का अधिक वजन का बताकर ऑपरेशन बताया था। महिला को एमएम हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ खुशबू सिंह के बारे में जानकारी हुई तो चिकित्सक की सलाह लेने को अस्पताल आयी। जहां चिकित्सक खुशबू सिंह ने उसे सुरक्षित प्रसव का भरोसा दिलाया। रविवार को चिकित्सक खुशबू सिंह ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। महिला के छह किलो की बच्ची का जन्म देने की असाधारण घटना पर चिकित्सक खुशबू सिंह ने बताया कि आम तौर पर ऐसे मामलों में बड़े अस्पताल में ऑपरेशन के ज़रिए ही प्रसव कराया जाता है। महिला के पहले से ही तीन पुत्र थे। चौथी बार प्रसव के लिए महिला आयी थी। रिपोर्ट्स देखने के बाद उन्हें केस बेहद चुनौतीपूर्वक लगा। छोटे शहर में कम सुविधा होने के बाद भी अस्पताल के कुशल स्टाफ के साथ मिलकर उन्होंने अपने अनुभव के बल पर महिला का सुरक्षित प्रसव करवाया है। महिला के सुरक्षित प्रसव से छह किलो की बच्ची को जन्म देने पर परिजनों के साथ ही अस्पताल प्रशासन भी बेहद उत्साह में है। ऐसे चुनौतीपूर्वक केस चिकित्सा विज्ञान के लिए भी बेहद गर्व की बात हैं।



# ड्रंक एंड ड्राइव अभियान में 44 वाहनों के चालान, दो ट्रैक्टर सीज

## - नशे में वाहन दौड़ाने वालों पर पुलिस की सख्ती, 2.20 लाख का जुर्माना
## - बिना नंबर प्लेट वाले मालवाहक वाहन भी कार्रवाई की जद में आए

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले की पुलिस ने बीती शनिवार की देर रात विशेष ड्रंक एंड ड्राइव अभियान चलाकर नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर चेकिंग कर 44 वाहनों के ई–चालान किए गए, जबकि दो ट्रैक्टरों को सीज कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय के पर्यवेक्षण में यातायात मुख्यालय द्वारा संचालित विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न टोल प्लाजा पर सघन चेकिंग की गई। जिंदपुर टोल प्लाजा पर क्षेत्राधिकारी यातायात प्रगति यादव की मौजूदगी में यातायात प्रभारी निरीक्षक केशरी प्रसाद यादव और थाना ललौली की सीसी टीम प्रभारी राजेश कुमार ने वाहनों की जांच की। वहीं बड़ौरी टोल प्लाजा पर टीएसआई लालजी सविता एवं थाना कल्याणपुर की सीसी टीम प्रभारी संजय सरोज ने पुलिस बल के साथ अभियान चलाया। काटोघन टोल प्लाजा पर खागा सीसी टीम प्रभारी कृष्ण कुमार यादव और टीएसआई रामानंद ने चेकिंग कर कार्रवाई की। अभियान के दौरान नशे की हालत में वाहन चला रहे चालकों के खिलाफ 22 ई–चालान करते हुए 2 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट के चल रहे मालवाहक वाहनों के भी 22 ई–चालान कर 1 लाख 60 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने दो ट्रैक्टरों को थाना ललौली में सीज भी किया। पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि यातायात नियमों का पालन करें तथा नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।



# शादी के निमंत्रण पत्र के नाम पर भेजी फाइल से हुई साइबर ठगी

## - पुलिस ने लौटाए 5 लाख 30 हजार रुपये
## - साइबर अपराध थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़िता को मिली पूरी धनराशि

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। साइबर अपराध थाना पुलिस टीम ने शादी के निमंत्रण पत्र के नाम पर भेजी गई एक संदिग्ध फाइल डाउनलोड कराने के बाद हुई साइबर ठगी के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए पीड़िता के 5 लाख 30 हजार रुपये शत–प्रतिशत वापस कराए हैं। जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं साइबर अपराध (नोडल अधिकारी साइबर अपराध) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्फूर्ति कुशवाहा पत्नी आशीष कुमार निवासी गौशाला रामगंज, थाना कोतवाली, जनपद इटावा के मोबाइल फोन पर अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा शादी के निमंत्रण पत्र के नाम से एक एपीके फाइल भेजी गई थी। पीड़िता द्वारा उक्त फाइल डाउनलोड करते ही साइबर अपराधियों ने दिनांक 4 मार्च 2026 को उनके बैंक खाते से कुल 5 लाख 30 हजार रुपये की धनराशि निकाल ली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना साइबर अपराध इटावा पर तत्काल मुकदमा अपराध संख्या 10/2026, धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता एवं 66डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा त्वरित विवेचनात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक खातों का विवरण प्राप्त किया गया तथा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नियमानुसार शनिवार को संपूर्ण धनराशि वापस कराकर पीड़िता के खाते में पहुंचाई गई। अपनी पूरी धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना साइबर अपराध पुलिस टीम एवं इटावा पुलिस का आभार जताया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा पीड़िता को भविष्य में साइबर अपराधों से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। पुलिस के अनुसार इटावा साइबर अपराध थाना टीम द्वारा 1 जनवरी 2026 से अब तक लगभग 30 लाख रुपये की साइबर ठगी की धनराशि वापस कराई जा चुकी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा, थाना साइबर अपराध मय टीम शामिल रहे।




# पुलिस का अपराधियों पर शिकंजा, विभिन्न थाना क्षेत्रों में गिरफ्तारी

## – वारंटी एवं शांति भंग की आशंका में कई अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कानून व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने एवं अपराध नियंत्रण अभियान के तहत रविवार को जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए वारंटी एवं शांति भंग की आशंका में कई अभियुक्तों को गिरतार किया गया। थाना बिठौली पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त जवर सिंह पुत्र पातीराम निवासी ग्राम मचल की मढ़ैया थाना बिठौली को गिरतार किया। इसी थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126, 135 के तहत कार्रवाई करते हुए मोंटू पुत्र अशोक कुमार चौधरी निवासी खुदादपुरा थाना माधौगढ़ जनपद जालौन को गिरतार किया गया। थाना वैदपुरा पुलिस ने वारंटी अभियुक्त आमोद पुत्र अभिलाख निवासी जैतिया थाना वैदपुरा को गिरतार किया। थाना चकरनगर पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126, 135 के तहत कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों अमित उर्फ छोटू पुत्र कोमल सिंह निवासी ग्राम नगला चौप थाना चकरनगर, सुदेश कुमार पुत्र गिरेन्द्र निवासी चकरनगर थाना चकरनगर तथा रणधीर सिंह पुत्र भंवर सिंह निवासी चकरनगर थाना चकरनगर को गिरतार किया। वहीं थाना चौबिया पुलिस ने भी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126, 135 के तहत कार्रवाई करते हुए प्रदीप कुमार पुत्र राम कुमार एवं दीवान सिंह पुत्र फूल सहाय निवासी ग्राम नगला सवी पश्चिमी थाना चौबिया को गिरतार किया। जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत अपराधियों एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी है।

## अदालती नोटिस

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट नं0–1 फतेहपुर

मूल वाद सं0 –185 सन् 2018 ई०

शिवशंकर बनाम रविशंकर

शिवशंकर उम्र करीब 60 वर्ष पुत्र स्व0 रामनाथ निवासी ग्राम लखीमपुर, पोस्ट व परगना हथगाम तहसील खागा जिला फतेहपुर।

.........वादी

बनाम

1/1. श्रीमती कमला देवी आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी स्व रविशंकर

1/2. कु0 मधू उर्फ अमिता देवी आयु लगभग 26 वर्ष पुत्री स्व0 रविशंकर

1/3. प्रभात कुमार आयु लगभग 24 वर्ष 1/4. छोटू उर्फ नितिन कुमार आयु लगभग 18 वर्ष पुत्रगण स्व0 रविशंकर निवासीगण ग्राम लखीमपुर पोस्ट व परगना हथगाम तहसील खागा जिला फतेहुपर।

........प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18 माह 07 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 11 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0)

कोर्ट नं0 1 फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर

वाद सं0–215 सन् 2021 ई०

सत्य प्रकाश उम्र लगभग 62 वर्ष पुत्र स्व0 दयाशंकर निवासी ग्राम तारापुर भिटौरा परगना व तहसील व जिला फतेहपुर।

.........वादी

बनाम

हरीशंकर उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र धुन्नी लाल निवासी पूरेतख्त सिंह मजरे जमरावॉ हालमुकाम पूरे उदई का पुरवा मजरे जमरावॉ, परगना व तहसील व जिला फतेहपुर।

........प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24 माह 07 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 23 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।



# पंचायत सहायक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**– परिवार में कोहराम मच गया, गांव में शोक की लहर**

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के धनकामई गांव में पंचायत सहायक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिससे परिवारीजनों में जहां कोहराम मच गया वहीं गांव में भी ोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार धनकामई गांव निवासी शिमला देवी पत्नी संजय 30 वर्ष की भोर सुबह अचानक तबियत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर पति संजय और पिता राजाराम उन्हें तत्काल इलाज के लिए खागा कस्बा लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृत्यु का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। शिमला देवी पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत थीं। उनके निधन से तीन मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। बताया जा रहा है कि मृतका के पति संजय जनहितकारी इंटर कॉलेज खागा में चतुर्थ श्रेणी संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# वारंटी अभियुक्तों पर पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद भर में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हथगांव पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न एवं मारपीट के मामले में वांछित चल रहे दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना हथगांव पुलिस ने रविवार को मु0अ0सं0 180/2022, धारा 498ए, 323, 504, 506 भादवि एवं 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त सुजात खान पुत्र हामिद खान तथा हामिद खान पुत्र स्वर्गीय इस्माईल खान निवासी ग्राम रामपुर मुआरी थाना हथगांव को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी लंबे समय से न्यायालय में वांछित चल रहे थे। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, हेड कांस्टेबल राजेश सिंह, कांस्टेबल विवेक कुमार, कांस्टेबल अभिषेक मौर्या एवं महिला कांस्टेबल शिवानी यादव शामिल रहीं।

# क्षत्रिय महासभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**- एक लाख सदस्य बनाने का लिया संकल्प**

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर के स्वागत में रविवार को नगर कार्यालय जेल रोड स्थित तांबे वर मंदिर के पास भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के लोगों का भारी



जनसैलाब उमड़ पड़ा। उपस्थित लोगों ने जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर को माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया। स्वागत से अभिभूत जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने कहा कि प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 30 जून तक जिले के सभी ब्लॉकों में संगठन का गठन पूरा कर लिया जाएगा। इसकी शुरुआत धाता ब्लॉक से होगी। उन्होंने बताया कि चार जून को कुशभा ग्राम सभा में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने को लेकर उपस्थित सदस्यों से विस्तृत चर्चा कर सुझाव भी लिए गए। विजय सिंह गौर ने कहा कि महासभा का लक्ष्य प्रत्येक क्षत्रिय गांव तक पहुंच बनाकर एक लाख सदस्यों को संगठन से जोड़ना है। साथ ही बेसहारा बच्चियों के विवाह और गरीब बच्चों की शिक्षा में हरसंभव मदद की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी अशोक तपस्वी ने की, जबकि संचालन नागेंद्र सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष प्रयागराज ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरपी सिंह भदौरिया, डॉ. अभिषेक सिंह, अमित परिहार, संजय सिंह कछवाह, समरबीर सिंह, मोनू सिंह, पिंटू सिंह, राकेश प्रताप सिंह, पंकज सिंह तोमर, लालजीत सिंह, राज सिंह भदौरिया, रंजना सिंह, मधु सिंह भदौरिया, लक्ष्मी सिंह भदौरिया, एससीएस चौहान, अंगद सिंह चंदेल, डॉ. विमल सिंह, अजय प्रताप सिंह, अरुण सिंह चौहान, अमित सिंह तोमर भी मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट

**- प्रदेश के विकास व जनसेवा के प्रति दोहराई प्रतिबद्धता**

न्यूज वाणी ब्यूरो/ फतेहपुर। राजधानी में प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं खागा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा पासवान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें सरकार में शामिल किए जाने पर आभार व्यक्त किया। प्रदेश के विकास एवं जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



ने उन्हें संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ प्रदेश की सेवा में निरंतर कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बड़े ही स्नेहिल भाव से सभी को शुभकामनाएं भी प्रदान कीं। इस अवसर पर हंसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान, प्रधान सुमन पासवान, अनामिका भी मौजूद रहीं। मुलाकात के दौरान जनहित एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा हुई। क्षेत्रवासियों ने इस भेंट को खागा विधानसभा क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत बताते हुए खुशी जाहिर की।

# 66 मुकदमों वाले 12 शातिर अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

**- चोरी, लूट, डकैती व मादक पदार्थ तस्करी में शामिल अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में अपराध



एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फतेहपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के बाद अपराध जगत में हड़कंप मच गया है। पुलिस विभाग के अनुसार इन अपराधियों के खिलाफ फतेहपुर सहित अन्य जनपदों के विभिन्न थानों में 66 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, लूट, डकैती तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। अपराधियों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण और लगातार निगरानी के उद्देश्य से हिस्ट्रीशीट खोली गई है। हिस्ट्रीशीट खोले गए अपराधियों में थाना खखरेरू क्षेत्र का मनोज कुमार पुत्र जोरावर, थाना खागा क्षेत्र के सोहेल उर्फ मुस्कान नट तथा अब्दुल पुत्र कल्लन, थाना कल्यानपुर का अमित कुमार वि वकर्मा, थाना बिंदकी का रिजवान पुत्र मो. सर्रू, थाना हुसैनगंज का मोहम्मद जीशान उर्फ मोहम्मद शोएब, थाना सुल्तानपुर घोष का शिवम कुमार, थाना जहानाबाद के राशिद पुत्र अतीक, राजा उर्फ नवीन नट तथा अतुल सोनकर, जबकि थाना जाफरगंज क्षेत्र के गुफरान पुत्र जुल्फिकार और शहबाज पुत्र शहीद खान शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक अधिकांश अपराधियों पर पांच से आठ तक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें कई आरोपी चोरी और लूट की घटनाओं में लंबे समय से सक्रिय बताए जा रहे हैं, जबकि कुछ मादक पदार्थों की बिक्री और डकैती जैसे अपराधों में भी लिप्त रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हिस्ट्रीशीट खुलने के बाद इन अपराधियों की गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। इनके आवागमन, संदिग्ध गतिविधियों और आपराधिक संपर्कों पर विशेष नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी संभावित आपराधिक घटना को समय रहते रोका जा सके। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने स्पष्ट किया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# बूथों को सक्रिय बनाने में शक्तिकेंद्रों की भूमिका अहम : अन्नू

**- जिले भर के शक्ति केन्द्रो पर हुई बैठकें**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से रविवार को जिले भर के शक्ति केंद्रों पर बैठकें आयोजित की गईं। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने तेलियानी मंडल के जखनी शक्ति केंद्र एवं जोनिहा मंडल के जोनिहा शक्ति केंद्र की बैठक में भाग लेकर कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती का मंत्र दिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की प्रथम इकाई बूथ होती है और बूथ को गतिशील एवं मजबूत बनाने में शक्ति केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र संयोजक संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों को सफल बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें तथा बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सुनने तथा उसके तुरंत बाद बूथ समिति की बैठक आयोजित करने पर विशेष जोर दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नियमित बैठकों से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा और संगठन के प्रति सक्रियता बनी रहती है। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजकों, प्रभारियों एवं



संबंधित बूथों के बूथ प्रमुखों के साथ संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पंकज त्रिवेदी, नीरज सिंह समेत बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जिले के सभी 23 मंडलों के 353 शक्ति केंद्रों पर रविवार को बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें जिले के 2364 बूथों के बूथ प्रमुख, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी एवं पार्टी पदाधिकारी शामिल रहे।

# भीषण गर्मी में बेहोश पड़े बंदर को युवाओं ने दिया नया जीवन

**- युवाओं के प्रयास की हो रही सराहना**

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी ने इंसानों के साथ–साथ बेजुबान जानवरों की जिंदगी भी मुश्किल कर दी है। आसमान से बरस रही आग और लगातार बढ़ते तापमान के चलते पशु–पक्षी पानी की तलाश में इधर–उधर भटक रहे हैं। कई जगहों पर गर्मी और प्यास के कारण जानवरों के बेहोश होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार की सुबह नगर की सुपरमार्केट वाली गली में उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक बंदर भीषण गर्मी की चपेट में आकर अचेत होकर सड़क किनारे गिर पड़ा। बंदर को तड़पता देख स्थानीय युवाओं ने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तुरंत उसकी जान बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। घटना




की जानकारी मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता सुशील अग्रहरि, दीपक बैस और गोपी तिवारी मौके पर पहुंचे। युवाओं ने बिना देर किए पशु चिकित्सक को बुलाया। डॉक्टर की देखरेख में बंदर को प्राथमिक उपचार दिया गया। उसे ओआरएस का घोल और पानी पिलाया गया, जिससे कुछ देर बाद उसकी हालत में सुधार होने लगा। समय पर इलाज मिलने से बंदर की जान बच गई। युवाओं की इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है। स्थानीय लोगों ने टीम के सेवा भाव और तत्परता की प्रशंसा करते हुए इसे इंसानियत की मिसाल बताया। इस दौरान सुशील अग्रहरि और उनकी टीम ने लोगों से भावुक अपील करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में बेजुबान जानवरों और पक्षियों के लिए घरों, दुकानों और छतों पर पानी जरूर रखें। उन्होंने कहा कि हम अपनी परेशानी बोलकर बता सकते हैं, लेकिन बेजुबान जीव चुपचाप तड़पते रहते हैं। अगर हर व्यक्ति थोड़ी संवेदनशीलता दिखाए तो कई बेजुबानों की जान बचाई जा सकती है।

# मजदूरों की हुंकार : देश हित में करेंगे काम, काम का लेंगे पूरा दाम

**- भारतीय मजदूर संघ के सम्मेलन में पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण पर रोक की उठी मांग**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय मजदूर संघ का आयोजित जिला सम्मेलन शादीपुर स्थित एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मजदूर हितों को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई। कार्यक्रम में देश हित में करेंगे काम, काम का लेंगे पूरा दाम के नारों के साथ पुरानी पेंशन योजना लागू करने, मृतक आश्रितों की शत–प्रतिशत भर्ती तथा निजीकरण पर रोक लगाए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। मुख्य अतिथि अयाह–शाह विधायक विकास गुप्ता उर्फ बब्लू ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर उच्च स्तर पर वार्ता कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश नई दिशा में आगे बढ़ रहा है और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक को अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने भव्य राम मंदिर निर्माण को मानव जाति के गर्व का विषय बताते हुए इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश सह–संयोजक राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा राष्ट्र हित, उद्योग हित और श्रमिक हित पर



आधारित है। उन्होंने कहा कि संगठन मजदूर विरोधी नीतियों और निजीकरण का खुलकर विरोध करेगा, लेकिन देश को कमजोर नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य श्रमिकों को उनका सम्मान और अधिकार दिलाना है। उन्होने श्रमिक एकता और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे विभाग प्रमुख राधेश्याम ने भारतीय मजदूर संघ की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें जयशंकर गुप्ता को अध्यक्ष तथा रामनरेश को जिला मंत्री बनाया गया। साथ ही 21 पदाधिकारियों की नई टीम का गठन किया गया। इसके अलावा भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के प्रांतीय मंत्री घनश्याम त्रिपाठी ने भी अपनी यूनियन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें अमित अग्निहोत्री को अध्यक्ष बनाया गया तथा 22 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित की गई। जिला सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, विभाग कार्यवाह ज्ञानेन्द्र, घनश्याम त्रिपाठी सहित भारतीय डाक विभाग एवं भारतीय मजदूर संघ के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मजदूर हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

# सूरज उगल रहा अंगारे, 44 डिग्री पार पहुंचा पारा

**- लू के थपेड़ों ने थाम दी जिंदगी की रफ्तार,- दोपहर होते ही सूनी हो जाती सड़कें, छांव व ठडे पानी के लिए भटकते लोग**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद इन दिनों भीषण गर्मी और प्रचंड लू की चपेट में है। आसमान से बरस रही आग ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। रविवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार



पहुंचते ही पूरा शहर तपते तवे में तब्दील हो गया। सुबह आठ बजे से ही सूरज ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए और दोपहर तक गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया। तेज धूप और झुलसा देने वाली गर्मी के चलते शहर की सड़कों पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। जरूरी काम से बाहर निकले लोग सिर पर गमछा, तौलिया और छाता रखकर धूप से बचाव करते दिखाई दिए। हर कोई छांव और ठंडे पानी की तलाश में भटकता नजर आया। नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए प्याऊ लोगों के लिए राहत का सहारा बने रहे, जहां राहगीरों और राह चलते मजदूरों की भीड़ पानी पीने के लिए जुटी रही। भीषण गर्मी का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर देखने को मिल रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं से बच्चों के चेहरे लाल पड़ रहे हैं, जबकि बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। दिनभर की तपिश के बाद शाम को भी गर्म हवाओं का असर कम नहीं हुआ, जिससे लोग देर रात तक उमस और गर्मी से बेहाल रहे। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है तथा लू का प्रकोप जारी रहेगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर के समय घरों से बाहर न निकलने, अधिक मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है।

# अर्पिता के सेवाभाव ने जीता सबका दिल

**- वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कराया स्वादिष्ट भोजन**

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भोजन जन सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को जमालपुर मवइया स्थित वृद्धजन आवास में रह रहे बुजुर्गों के लिए सेवा एवं सम्मान का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बुजुर्गों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन कराया गया। समिति



के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनका हालचाल जाना और आत्मीयता के साथ भोजन वितरण किया। कार्यक्रम की सबसे भावुक और प्रेरणादायक झलक उस समय देखने को मिली जब मात्र 6 वर्षीय बालिका अर्पिता राय ने अपने नन्हें हाथों से बुजुर्गों को भोजन परोसा। अर्पिता के सेवा भाव, संस्कार और मासूमियत ने वहां मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। बुजुर्गों ने बच्ची को ढेरों आशीर्वाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भोजन जन सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समय–समय पर जरूरतमंदों, असहायों एवं बुजुर्गों की सेवा के लिए सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। संस्था का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर समिति के संस्थापक कुमार शेखर, कमलेश कुमार, करन कुमार, बुद्धराज सिंह, ईशु, कोमल, आशू देवी, देवरती, झूरी लाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# किशनपुर कस्बे में आज लगेगा नेत्र शिविर

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। किशनपुर कस्बे में कल (आज) विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मरीजों को अपना आधार कार्ड एवं घर का मोबाइल नंबर लाने पर निःशुल्क नजदीक के चश्मे वितरित किए जाएंगे। सोमवार को उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र एवं जिला चेयरमैन बिन्दा प्रसाद अग्रहरि, जिला कोषाध्यक्ष कुंवारे सिंह के नेतृत्व में विशाल नेत्र शिविर किशनपुर कस्बे में आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष के आवास पर आयोजित विशाल नेत्र शिविर में जिलाध्यक्ष, जिला चेयरमैन बिन्दा प्रसाद अग्रहरि, जिला कोषाध्यक्ष कुंवारे सिंह समाजसेवी रोहित अग्रवाल एवं उप्र उद्योग व्यापार मंडल किशनपुर के पदाधिकारी व्यापारियों के हाथों से निशुल्क नजदीक के चश्मे जांचोपरांत वितरित किए जाएंगे। नेत्र शिविर सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी चित्रकूट के कुशल डॉ के नेतृत्व में जांचोपरांत मोतियाबिंद के मरीजों को लेंश प्रात्यारोपण हेतु निशुल्क आना जाना खाना नास्ता दवा चस्मे लेंश रहेगा। मरीज को लेंस प्रात्यारोपण के बाद नेत्र शिविर केबाद जिलाध्यक्ष आवास शिविर किशनपुर में छोडा जाएगा। नेत्र शिविर में नजदीक के चश्मे निःशुल्क जांचोपरांत दिए जाएंगे। जिसके लिए मरीज़ को अपना आधार कार्ड और अपने घर के किसी भी सदस्य का मोबाइल नंबर लानां आवश्यक है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )